CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

मेरठ, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 247 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




असमानता व असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान नहीं खेलेगा भारत के साथ टी-20 मैच: शहबाज शरीफ खेल टाइम्स



नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी सम्पादकीय



भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस पेज 12

# प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था: लोकसभा स्पीकर

**ओम बिरला बोले-इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी बुधवार शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

बुधवार को पीएम की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार को पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।



## दावा: कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

कांग्रेस ने पीएम पर हमला करने की योजना बनाई थी। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और जवाब देने के लिए भी आने वाले थे। इस दौरान स्पीकर को कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर हमला किए जाने की योजना की जानकारी मिली थी। साथ ही कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल के तौर पर आगे किया था। इसी वजह से सदन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में बुधवार को विपक्ष और भाजपा सांसदों के बीच भी बहस हुई थी। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं।

# यूपी में गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** उप्र में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैये पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। खंडपीठ ने गुरुवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पर दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था।

- **कहा: एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब**

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में जन्मी तिब्बती महिला भारतीय नागरिक घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्म के आधार पर नागरिकता की संवैधानिक गारंटी को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में 1966 में धर्मशाला में जन्मी तिब्बती मूल की महिला को भारतीय नागरिक घोषित किया है। न्यायालय ने अधिकारियों को उसे तुरंत भारतीय पासपोर्ट जारी करने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने दो फरवरी को यांगचेन द्राकमार्ग्यापोन की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि उनका मामला नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 3(1)(क) के दायरे में आता है। यह कानून 26 जनवरी 1950 से एक जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मे हर व्यक्ति को जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रदान करता है।

### बिहार चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची जन सुराज पार्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' का आरोप लगाते हुए चुनाव को चुनौती दी है और पुन: चुनाव करवाने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई याचिका में बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिला मतदाताओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये डाले गए और इस योजना में नए लाभार्थियों के नाम भी जोड़े गए थे।

### अल-फलाह विवि चेयरमैन चार दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** एक निचली अदालत ने विवादों में घिरे अल-फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी और वित्तीय कदाचार के मामले में चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सिद्दीकी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूजीसी द्वारा दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायतों के बाद शुरू की गई है।

# पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

## मोदी ने कहा: कितने ही नारे लगा लो कब्र नहीं खोद पाओगे

**रोज दो किलो गाली खाता हूं, मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे, जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, इनको जवाब देना पड़ेगा**

**देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था, कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है।

मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है, विपक्ष की नारेबाजी पर उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोंद पाओगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था। आपने कोशिश की होगी, लेकिन कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था। दुनिया के देश अब भारत के साथ ऐसे ही समझौते नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे एक वजह यह है कि एक विकसित देश विकासशील देश के साथ समझौता करता है तो उसे बड़ा बाजार मिलता है। मेरे लिए यह नई बात नहीं है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन करता था। तब इस वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में राज्य का एक साझेदार देश जापान हुआ करता था। यह राज्य के लिए एक गर्व की बात थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी की हुई गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है, उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीति पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खड़गे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं।



### 2004 के बाद पहली बार लोकसभा में पीएम की स्पीच के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। 3 बजे हंगामे के बाद लोकसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा था कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा।

# उप्र में चाइनीज मांझे से मौत को माना जाएगा हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि अब से चाइनीज मांझे से मौत होने को हत्या माना जाएगा। इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस को सघनता से अभियान चलाने का निर्देश दे दिया है।

लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद सीएम योगी ने बेहद सख्त फैसले लिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे की सप्लाई करने वाले अवैध नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। लखनऊ हादसे और सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा बेचने वालों की पहचान करने के लिए छापेमारी की गई है। लखनऊ में चार फरवरी को मोहम्मद शोएब नाम के एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के चलते मौत हो गई।, वह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया और उनकी गर्दन कट गई। वह बाइक समेत नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ वह तकरीबन 10 मिनट तक तड़पते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

- **मुख्यमंत्री योगी का रुख सख्त**
- **राज्य में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई**



# चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** एक्टर राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था। जेल के एक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव ने गुरुवार को शाम 4 बजे जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। अब जेल अधिकारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करेंगे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीते दिन बुधवार को राजपाल यादव को जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था।

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इन्कार**

### मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं।

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाजार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक वेनेजुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि हम 2019-20 तक वेनेजुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है।

- **स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय**
- **रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट की**



### ईरान में हिरासत में लिए गए 16 में से 8 भारतीय नाविक रिहा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान में हिरासत में लिए गए 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा कर दिया गया है और उनके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि शेष नाविकों के संबंध में भारतीय दूतावास के अधिकारी ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमें ईरान में 16 नाविकों तक कांसुलर पहुंच मिली है। बंदर अब्बास में हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार इन 16 में से आठ को रिहा कर दिया गया है और वे भारत लौट रहे हैं। शेष आठ नाविकों के मामले में हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्हें समुचित सहायता देने के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

# UPSC सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस आथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ, तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है, तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद, लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

- **रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार, नए नियम 2026 से लागू**

## संक्षिप्त समाचार

### पदाधिकारियों का निलंबन लोकतंत्र पर हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों के निलंबन को छात्र लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कार्रवाई जेएनयू के करीब 8,000 छात्रों के जनादेश का अपमान है, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुना है। चौधरी ने आरोप लगाया कि जब 'सरकारी' छात्र संगठन चुनाव जीतने में असफल रहता है, तब सरकार और प्रशासन विरोधी छात्र संगठनों की आवाज दबाने के लिए निलंबन, जुर्माने और डराने-धमकाने जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कथित अनधिकृत बायोमेट्रिक निगरानी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने पर पदाधिकारियों को दंडित करना एक खतरनाक तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडिगो के खिलाफ करेंगे सीसीआई के महानिदेशक जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसम्बर 2025 में बड़ी संख्या में उड़ानों में व्यवधान के लिए इंडिगो को प्रथमदृष्टया नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आयोग के महानिदेशक को उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि सीसीआई ने चार फरवरी के आदेश में उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि जिन यात्रियों ने इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराए थे, उनके पास अंतिम समय में उड़ान रद्द होने की सच्चाई स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

# अखिलेश ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है।

■ भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग

अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे।

## आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम आश्रम की 45,000 स्क्वायर मीटर से ज्यादा पब्लिक जमीन पर राज्य सरकार के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी उलझन को खत्म कर दिया है और शहर के भविष्य के खेल और शहरी विकास का रास्ता साफ कर दिया है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। अब इस पर बुलडोजर चलाया जाएगा। यह विवादित जमीन मोटेरा जैसे बहुत ही अहम इलाके में है, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में है। अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भविष्य में होने वाले ओलंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

# असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है।



■ एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति सिमटी

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने के लिए जाता है, भाजपा के लोग उसी को धमकाते और मारते हैं। इसीलिए मैं कहता हूं भाजपा के पास सहिष्णुता नहीं है। उन्होंने कहा कि गैर राजग शासन वाले राज्यों में राजभवन भाजपा आरएसएस के दफ्तर बन गए हैं। राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट की तरह काम करते हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल, हर जगह राज्यपालों ने कैबिनेट से पारित भाषणों से इंकार किया और विधेयकों को रोकने जैसे कदम उठाए। श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आरएसएस के मन में बराबरी की बात कभी नहीं रही है। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीबों को और गरीब बनाना है। उन्होंने वैश्विक असमानता रिपोर्ट 2026 का हवाला दिया, जिसके अनुसार भारत में टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत कुल संपति सिमटी चुकी है, टॉप 10 प्रतिशत दो-तिहाई यानी 65 प्रतिशत हाउसहोल्ड एसेट के मालिक हैं, आय के स्तर पर भी टॉप 10 प्रतिशत अकेले 58 प्रतिशत राष्ट्रीय आय ले जा रहा है, जबकि सबसे नीचे के स्तर 50 प्रतिशत को सिर्फ 15 प्रतिशत पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी विकास की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है। मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं। यही आपका विकसित भारत है। नौजवानों की पीड़ा से इस सरकार को कोई मतलब नहीं।

## यूपी में कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी तरह से बदली: योगी

# किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।



■ 2026-27 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये तय किया गया, सरकार और किसान कर रहे हैं एआई का प्रयोग

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। योगी ने कहा कि आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी।

योगी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफे में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतान: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 8.9 वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है।

# उत्तर मध्य भारत में कोहरा व बारिश का अनुमान

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान गिरने के बीच गुरुवार को दिल्ली में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पालम को 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली में सबसे ठंडा जगह बताया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में कई पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और मध्य भारत में कोहरा, बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

■ 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली को सबसे ठंडा बताया गया

दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह तड़के पालम में न्यूनतम दृश्यता 1,100 मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिससे पांच-छह फरवरी और फिर नौ-दस फरवरी को छिटपुट बारिश और हिमपात हो सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति छह फरवरी तक बने रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में सात फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तरपूर्वी राजस्थान, उप-हिमालई पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और मेघालय में अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80



सोना 154570
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 300000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर



ढाई प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा।

# सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** सोने की चमक लगातार दो दिनों की तेजी के बाद गुरुवार को फीकी पड़ी और चांदी भी आज सस्ती हुई है। आज 24 कैरट वाला सोना प्रति दस ग्राम 5020 और 22 कैरट की शुद्धता वाला सोना 4600 सस्ता हुआ है। अब चांदी की बात करें, तो एक किलो चांदी भी दिल्ली में आज सस्ती हुई है।

आज प्रति किग्रा यह 20,000 गिरी है। दिल्ली में आज 24 कैरेट वाला सोना 1,54,570, 22 कैरेट वाला सोना 1,41,700 और 18 कैरेट वाला सोने की कीमत 1,15,970 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरेट वाला सोना 1,54,420, कोलकाता में 1,54,420 , चेन्नई में 1,56,220, बेंगलुरु में 1,54,420 , हैदराबाद में 1,54,420 , लखनऊ में 1,54,570, पटना में 1,54,470, जयपुर में 1,54,570 और अहमदाबाद में 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दिल्ली में चांदी फिसलकर आज 3,00,000 प्रति किलो के भाव में बिक रही है। बाकी अहम महानगरों की बात करें तो मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है, लेकिन चेन्नई में इसका भाव प्रति किग्रा 2,99,900 है यानी कि चारों महानगरों में सबसे महंगी चांदी चेन्नई में ही बिक रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक रिकॉर्ड हाई से आई गिरावट, मार्जिन में बढ़ोतरी और मुनाफावसूली के चलते बाजार में फिलहाल काफी वोलैटिलिटी बनी हुई है। कमोडिटी एक्सपर्ट एनएस रामास्वामी के मुताबिक सोना और चांदी में आई हालिया गिरावट जरूरत से ज्यादा तेजी के बाद एक नेचुरल शशेकआउटश रही। उनका कहना है कि डक्लर में मजबूती ने कुछ बिकवाली को जरूर ट्रिगर किया।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालें चीनी महंगी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। वहीं चीनी और दालों में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये घटकर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी चार रुपये सस्ता हुआ और 2,871 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटा 11 रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 50 रुपये और मसूर दाल में 38 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल 34 रुपये और चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का



अप्रैल वायदा 17 रिंगिट टूटकर 4,208 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.23 प्रतिशत की गिरावट में 55.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये और पाम ऑयल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 20 रुपये और मूंगफली तेल की 10 रुपये गिर गई। वहीं वनस्पति 32 रुपये और सूरजमुखी तेल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2-0 का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2-0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है।

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2-0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2-0 के तीन संस्करण लॉन्च किए हैं - सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जाएगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है।

## प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी शुरू, कई देश ले रहे हैं हिस्सा

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक, प्लास्टइंडिया 2026, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य तौर पर देश की प्लास्टिक का सामान बनाने में हुई प्रगति को दिखाया गया है। चार से 10 फरवरी तक चलने वाले इस वैश्विक कार्यक्रम का यह सालाना संस्करण रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मेले का मुख्य फोकस विनिर्माण-आधारित विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इसमें 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल लगे हैं और इनमें मशीनरी, कच्चे माल और अन्य चीजों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्लास्टइंडिया मेले में शून्य कचरा प्रौद्योगिकी को पहली बार ध्यान में रखा जा रहा है। साथ ही इसमें नई चीजों की खोज एवं स्टार्ट-अप को विशेष ध्यान दिया गया है।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित किया केंद्रीय पर्यवेक्षकों का सम्मेलन

नई दिल्ली, वार्ता

चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया, जिसमें 824 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

■ 824 निर्वाचन क्षेत्रों में पारदर्शी चुनाव की भूमिका पर जोर

चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सम्मेलन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये सत्र पांच और छह फरवरी को नई दिल्ली में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ मिलकर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया और चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनसे आयोग की अपेक्षाओं के बारे में बताया। पर्यवेक्षकों को चुनाव आयोग के मार्गदर्शक बताते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में उनकी उपस्थिति पूरी चुनाव मशीनरी में नई ऊर्जा भर देगी। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं संधू ने पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ और सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए। उनके आने की जानकारी अच्छी तरह से प्रचारित की जानी चाहिए और उन्हें आसानी से उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके और पक्षपात की कोई भी आशंका न रहे। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए श्री जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोग के निर्देशों को 'अक्षरशः और भावना से' लागू किया जाए। साथ ही निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने वोटर सूचना स्लिप (वीआईएस) के समय पर वितरण के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ इंटरैक्टिव संदेह-निवारण सत्र भी आयोजित किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें चुनावी सूची तैयार करने, पांच चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म के उपयोग और चुनाव के दौरान मीडिया से संबंधित मामलों को संभालने के प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यह दोहराते हुए कि केंद्रीय पर्यवेक्षक आयोग के 'आंखें और कान' होते हैं, आयोग ने उनसे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से अच्छी तरह परिचित होने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीधी प्रतिक्रिया देने को कहा।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

## परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए किया सुपुर्द-ए-खाक, शोक की लहर

■ अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई थी बाइक

■ सिर में चोट लगने से हुई सुहैल की मौत, परिवार में गम का माहौल



मृतक का फाइल फोटो।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहमापुर के समीप स्थित मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पेड़ से बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर टकरा गया। जिसमें युवक के सिर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई, तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाह तो परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। जिसमें परिजनों ने लिखित में थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। परिजनों ने रात्रि में मृतक युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया। बताते चले कि गुरुवार को सुहेल पुत्र स्वर्गीय सोनू निवासी इकराम नगर थाना मवाना, हाल निवासी महमूदपुर सिखेड़ा करीब 12 बजे अपनी माता एवं अपनी खाला को बैठाकर गांव महमूदपुर सिखेड़ा से मवाना अपने मामा जमीलउद्दीन की लड़की की शादी के लिए सामान खरीदने के लिए गया था। दोनों को छोड़कर वापस आ रहा था। गांव रहमापुर के समीप स्थित आईटीआई के सामने बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण सड़क किनारे खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ से जा टकराया। जिसमें सुहेल के चोट आ जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सुहैल को हस्तिनापुर सीएचसी में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि मृतक सुहेल की शिनाख्त करने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। परिजनों ने लिखित में एक प्रार्थना पत्र दिया है। बाइक को थाना लाकर खड़ी कर दी गई है।

### मातम में बदली खुशियां

बताते चले कि आने वाले शनिवार को मामा की लड़की की शादी होनी थी। जिसके सुहैल सामान खरीदवाने के लिए गया था। हादसा होने से सुहेल की माता व मामा का तथा परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नकली बैडशीट कांड में पुलिस की मेहरबानी बेनकाब

## फैक्ट्री मालिक थाने से जमानत पर रिहा, मजदूर बने बलि का बकरा, लोगों में चर्चा का बाजार गर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नकली ब्रांडेड बैडशीट बनाने और बेचने के बड़े खुलासे के बाद पुलिस की कार्रवाई अब खुद कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। लाखों रुपये के नकली माल की बरामदगी, नामी कंपनियों की लिखित शिकायत और संगठित नेटवर्क के स्पष्ट संकेतों के बावजूद पुलिस ने मुख्य आरोपियों को राहत देते हुए थाने से ही जमानत दे दी, जबकि अन्य को अदालत भेज दिया गया।

इस कार्रवाई ने पुलिस की मंशा और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बुधवार को एसओजी टीम ने बॉम्बे डाइंग और डिकोर कंपनी के अधिकारियों के साथ संयुक्त छापेमारी कर सरधना के कई ठिकानों से भारी मात्रा में नकली बैडशीट बरामद की थी। कार्रवाई के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया था और लाखों रुपये कीमत का नकली माल कब्जे में लिया गया। बुधवार रात कंपनी अधिकारियों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी और कॉपीराइट उल्लंघन की धाराओं में कुल 13 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की। हालांकि मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक शहजाद उर्फ




टावर, आदिल और आरिफ को थाने से ही जमानत दे दी, जबकि शेष 10 लोगों का चालान करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि जिस अवैध कारोबार का संचालन फैक्ट्री मालिक कर रहे थे, उसमें मजदूरों को ही कठघरे में खड़ा कर दिया गया और संचालकों को राहत कैसे मिल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नकली ब्रांडेड माल का यह धंधा बिना किसी बड़े संरक्षण के संभव नहीं है। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई 'बड़े को राहत, छोटे पर सख्ती' की मिसाल बनती नजर आ रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि क्या प्रभावशाली आरोपियों को बचाने के लिए जानबूझकर कार्रवाई को कमजोर किया गया। इस पूरे प्रकरण ने पुलिस की कार्यशैली पर गहरा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जब लाखों रुपये का नकली माल, नामी कंपनियों की शिकायत और सप्लाई नेटवर्क सामने आ चुका है, तो फिर मुख्य आरोपियों को थाने से ही जमानत देने का औचित्य क्या है? अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में असली सरगनाओं तक पहुंचती है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### कई बार के सियासी सूरमाओं ने सेटिंग के बल पर किया खेल

सूत्रों से मिली जानकारी का अनुसार स्थानीय प्रशासन ने मुख्य आरोपियों को मुक. दमा लिखने के बाद थाने से ही जमानत देकर छोड़ दिया जबकि जो लोग सेटिंग नही कर पाए या जो मेंन आरोपी नही थे वह पैसे नही दे पाए तो उनका चालान कट गया और यह सब सरधना के खास जिम्मेदार कहे जाने वाले , कई बार के सियासी सूरमाओं ने सेटिंग के बल पर किया, सूत्रों का कहना है कि प्रशासन के साथ पैसे का खेल इसी परिवार ने खेला, पैसे की खातिर कमजोरो का चालान कराया गया और पैसे वालो से जेबे गर्म करा कर उन्हें घर भेजने की योजना इसी परिवार ने की जो अल्लाह का नाम लेकर सरधना में व्यवस्था से जुड़ी बड़ी सियासत करते है।

# एबीशन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया इंटरमीडिएट का विदाई समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ-पौड़ी मार्ग पर स्थित एंबीशन स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह किया गया। विदाई देने वाले 9वीं, 10वीं, 11वीं के छात्र-छात्राओ ने अपने सीनियर को हृदय पूर्ण तरीके से विदाई दी। मिस्टर इशांत को मिस्टर एंबीशन मिस, गीतांशु को मिस एंबीशन चुना गया। मिस्टर फेयरवेल अक्षित राठी एवं मिस कशिश शर्मा मिस फेरीवेल चुना गया। छात्र छात्राओं ने अपने सीनियरों को स्मृति चिन्ह व गिफ्ट दिये। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका मुनेश राठी, सह संस्थापक शांति स्वरूप तोमर, एवं प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने कक्षा 12 से विदा हो रहे छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गैंगस्टर के आरोपी की झुग्गी पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला बंजारन में नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर काफी दिनों से झुग्गी झोपड़ी डालकर रह रहे गैंगस्टर के आरोपी की झुग्गी पर नगर पंचायत द्वारा बुलडोजर चला कर कब्जा हटवाया गया। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार कर्मचारियों को साथ लेकर बंजारा बस्ती निवासी गैंगस्टर के आरोपी बाबू पुत्र हुसैनी बंजारे नगर पंचायत की सरकारी भूमि में झुग्गी में डाल कर रह रहे हैं। गैंगस्टर की कार्रवाई में वंचित आरोपी बाबू पिछले कई महीने से फरार चल रहा है उसके बाद झुग्गी झोपड़ी में उसके परिवार की महिलाएं व बच्चे रह रहे हैं। अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने महिलाएं व परिजनों को चेतावनी देकर सरकारी भूमि से कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन परिजनों ने कब्जा नहीं हटाया जिस पर अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच नगर पंचायत की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बुलडोजर से आरोपी बाबू की झोपड़ी को हटवाया। बुलडोजर चलता देख आसपास झुग्गी झौपड़ी डालकर रह रहे बंजारो के परिवार वालो यह देख कर दहशत में हो गई। और पूरा मोहल्ला इकट्ठा होकर नगर पंचायत पहुंचकर हंगामा करने लगे। पूर्व चेयरमैन सैयद मौहम्मद ईसा सभासद अनुराधा तोमर तथा सपा नेता मोहित तोमर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। बहुत देर से हंगामा कर रहे लोगों को सैयद ईसा ने समझाया कि यह कार्यवाही गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध व्यक्ति के विरुद्ध है। उन्होंने ईओ नगर पंचायत से अपील की है कि किसी भी गरीब व्यक्ति की झुग्गी झोपड़ी न तोड़ी जाये। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री का आदेश है कि किसी भी गरीब परिवार को घर से बेघर न किया जाए। सैयद ईसा के काफी समझाने के बाद शांत हुए। इस दौरान जुम्मा, कासिम, समसू बंजारा, मकबूल, सोनू बंजारा, मटरू, इस्लाम, शहजाद कुरैशी, वकील कुरैशी और अन्य लोग मौजूद रहे।





# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का लगाया आरोप

■ वीडियों वायरल करने की धमकी दे रहा है आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद प्यार और उसके बाद शारीरिक शोषण का एक और मामला सामने आया है। एसएसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, धमकी और ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगाते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पीड़िता ने लिखित शिकायत में यह दावा किया है कि आरोपी ने कई वर्षों तक उससे शादी करने का झांसा देकर संबंध बनाए, बाद में शादी से मुकर गया और अब जान से मारने और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकियां दे रहा है। पीड़िता के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि उसकी मुलाकात कुछ वर्ष पहले सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी युवक से हुई थी। आरोप है कि धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी, मुलाकातें हुई और आरोपी ने शादी का वादा किया। युवती का कहना है कि इसी भरोसे पर उसने संबंध बनाए, लेकिन बाद में आरोपी टालमटोल करने लगा। जब युवती ने विवाह की बात दोहराई तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी के पास उसके निजी फोटो और वीडियो हैं, जिनके आधार पर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी के कुछ सहयोगी भी फोन कर दबाव बनाते हैं और धमकियां देते हैं। युवती ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। आरोप यह भी है कि पूर्व में स्थानीय स्तर पर शिकायत दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि वह मान. सिक रूप से बेहद परेशान है और न्याय चाहती है। वहीं इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्वाई होगी।

# बी फार्मा में कॉलेज टॉप करने पर क्षेत्रवासियों ने दी शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** उर्दू टीचर वेलफेयर संगठन की तरफ से डॉक्टर जाहिद सैफी की बेटी शीबा के बी फार्मा में कॉलेज टॉप करने की उपलक्ष में एक प्रोग्राम रखा गया जिसमें कस्बे के सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शकील सैफी ने किया। डॉक्टर वसीम ने कहा कि एक बेटी अगर अच्छी शिक्षा लेती है तो कई नस्लों को इसका फायदा पहुंचता है और कई नस्लों में सुधार पैदा होता है। इमरान गफूरी ने कहा कि सभी माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं और अगर बच्चिया शिक्षित होगी तो समाज में सुधार पैदा होगा और नई नस्ल भी शिक्षित होगी। इस अवसर पर फारूक अहमद, मास्टर अब्दुल बारी, शमीम गौड़, आमिर मिजाज, मारूू चौधरी, जाहिद फोटोग्राफर, सभासद आरिफ अली, मतीन चौधरी आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## धार्मिक कुइयां की दीवार गिराई, बजरंग दल ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की देर रात को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में धर्मशाला के पास धार्मिक कुइया की असमाजिक तत्वों ने दीवार गिरा दी जिसमें फिजा खराब करने का काम किया। दिन निकलते हिंदू समाज के लोग और बजरंग दल के लोग इकट्ठा हो गए और जमकर हंगामा किया। क्षेत्र में खबर आग की तरह फैल गई। तभी सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने किसी तरह मामले को संभाला लेकिन बजरंग दल के कार्यकर्ता नहीं माने और मौके पर अधिकारियों को बुलाने की बात कही। जिसके बाद एसपी देहात, सीओ सरधना आशुतोष कुमार, एसडीएम सदर, जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा, सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और मामले को शांत कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य दोबारा करवा दिया तब जाकर राहत की सांस ली। वहीं हिंदू पक्ष का कहना है कि काफी समय से इस कुइया पर पूजा अर्चना की जाती है जो लोग माहौल बिगड़ने का प्रयास कर रहे हैं पूर्व में भी कई बार इस दीवार को गिराने की कोशिश की गई वहीं देर रात तक पुलिस घटनास्थल पर डटी रही।

## नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख की ठगी करने का आरोप

**मेरठ।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के रशीदनगर निवासी सलमान ने आरोप लगाया है कि किठौर थाना क्षेत्र के रहने वाले गय्यूर नाम के युवक ने सलमान को रेलवे टिकट काउंटर पर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ सात लाख रुपये की ठगी की है। एसएसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गय्यूर ने उसे भरोसा दिलाया था कि उसकी नियुक्ति रेलवे टिकट काउंटर पर करवा दी जाएगी। नौकरी के नाम पर उससे किश्तों में मोटी रकम ली गई। आरोप है कि समय बीतता गया, लेकिन ना तो सलमान को कोई नियुक्ति पत्र मिला और ना ही रुपये वापस किए गए। इसके बाद पीड़ित को ठगी होने का एहसास हुआ। गुरुवार को पीड़ित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# आरएसएस के सहयोग से गो माता पर बनी फिल्म...

## 'गोदान' मूवी में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में मेरठ के एक्टर उत्कर्ष सिंह भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आरएसएस के सहयोग से गौ माता पर आधारित 'गोदान' मूवी कल 6 फरवरी को देश भर के लगभग सभी सिनेमाघर में रिलीज होगा। आपको बता दें देश के कई प्रदेशों में यह मूवी टैक्स फ्री भी कर दी गई है। खास बात यह भी है कि उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री पंडित सुनील भराला के पुत्र बॉलीवुड कलाकार उत्कर्ष सिंह भारद्वाज भी दबंग पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका को निभाते हुए नजर आयेंगे। बॉलीवुड कलाकार उत्कर्ष सिंह भारद्वाज का इससे पहले भी देश की जानी मानी कंपनी टी-सीरीज पर एक बहुत लोक. प्रिय सॉन्ग दिल धोखा भी आ चुका है। यह उनकी पहली मूवी है उन्होंने देश के बहुत ही लोकप्रिय और जाने माने एक्टर अनुपम खेर जी के एक्टिंग स्कूल से फिल्म एक्टर का कोर्स किया था। वर्तमान में उत्कर्ष सिंह भारद्वाज कई अन्य फिल्म सीरीज में भी काम कर रहे हैं गोदान फिल्म के निर्माता और कामधेनु फिल्म प्रोडक्शन के निर्देशक मेरठ निवासी विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि गौ माता पर बनी फिल्म फिल्म नहीं यह एक आंदोलन है। इस आंदोलन में हम सब को भाग लेना चाहिये क्योंकि गाय हम सबकी माता हैं। उसकी रक्षा करना और ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि खासकर पश्चिम उत्तर प्रदेश में सनातन धर्मी भी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं।



## बेटियां फाउंडेशन ने जल संरक्षण अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बेटीयां फाउंडेशन के द्वारा लोगों को जागरुक कर जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की एक नई लहर फैल रही है। फाउंडेशन की अध्यक्षा अंजू पांडेय ने बताया कि गुरुवार को महुखास गांव में आंगनबाड़ी महिलाओं की संयुक्त पहल से चौपाल, स्कूल, पार्क और मोहल्लों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए हर नागरिक को प्रहरी बना होगा। कुसुम मित्तल ने इन कार्यक्रमों में बच्चों और युवाओं के जरिए लोगों को संदेश दिया कि हर बूंद की कीमत समझें और पानी की बर्बादी रोकें। गांवों की चौपालों पर बुजुर्गों ने पुराने समय की जल परंपराओं को याद दिलाया और युवाओं से कहा कि जल बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जीवन की आवश्यकता है। अमिता अरोड़ा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को 'जल ही जीवन है' के संदेश से जोड़ना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधन सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर मीना, सुचित्रा, रेनु, कमलेश को जल सरंक्षण अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए जल सखी बनाया गया।

**तीन दिवसीय प्रेरणा दिवस**


# शोभित विश्वविद्यालय में 6 से 8 फरवरी तक होगा खेल महोत्सव

■ 14 देश के अंतरराष्ट्रीय छात्र व भारत के 22 राज्यों से आएंगे खिलाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में प्रेरणा दिवस के अवसर पर 6 फरवरी से 8 फरवरी तक तीन दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विश्वविद्यालय के प्रेरणास्रा. ेत बाबू विजेन्द्र कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करना है।

इस खेल महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। इस आयोजन की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि इसमें शोभित विश्वविद्यालय में अध्ययनरत 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय छात्र तथा भारत के 22 राज्यों से आए छात्र-छात्राएँ सक्रिय सहभागिता करेंगे। विभिन्न देशों और राज्यों से आए विद्यार्थियों की यह सहभागिता विश्वविद्यालय परिसर को एक बहुसांस्कृतिक, समावेशी और जीवंत खेल उत्सव का स्वरूप प्रदान करेगी।




### उद्घाटन समारोह अनुशासन और खेल भावना का संगम

खेलकूद महोत्सव का उद्घाटन 6 फरवरी 2026 को प्रात: 10 बजे मशाल प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा, जो अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को रेखांकित करेगा। इसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बीच फुटबॉल मैच के साथ प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ होगा।

### 7 फरवरी खेलों और रचनात्मकता का दिन

प्रतियोगिता के दूसरे दिन 7 फरवरी को खेलकूद के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों की व्यापक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इनमें 200 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, हाई जंप, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबढी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टग ऑफ वॉर, थ्रो बॉल, रिले रेस, शतरंज और कैरम जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पोस्टर मेकिंग, क्रिएटिव राइटिंग, रंगोली, वॉल पेंटिंग, स्टोन पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट तथा 'स्टोरीज टोल्ड थ्रू लेंस' विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएँगी। इस वर्ष विशेष रूप से गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन महिला खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### समापन दिवस और सामाजिक दायित्व

8 फरवरी को विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएँगे, जिनके पश्चात प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा। इसी दिन विश्वविद्यालय द्वारा रोटरी दिल्ली कैपिटल ब्लड के सहयोग से सामा. जिक दायित्व से जुड़ी गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी।

वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विवि की सामाजिक प्रतिबद्धता का एक स्थायी उदाहरण है, जो पिछले 31 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। जहाँ प्रतिवर्ष 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया जाता रहा है, वहीं इस वर्ष 200 से अधिक यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल विश्वविद्यालय समुदाय की सामाजिक चेतना और सेवा भाव को दर्शाती है।

### समावेशिता का संदेश

प्रेरणा दिवस के अवसर पर वाणी स्कूल के विशेष छात्र भी खेल महोत्सव में शामिल होकर प्रतियोगिताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। उनकी सहभागिता आयोजन को समावेशिता, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ती है।

तीन दिवसीय यह आयोजन न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि खेल, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में शोभित विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

प्रेस वार्ता की अध्यक्षता विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने की। प्रेस वार्ता के दौरान विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी. के. त्यागी, वंश शेखर, डॉ. देवेंद्र नारायण, डॉ. अभिषेक डबास, डॉ. दिव्या प्रकाश, राज किशोर सिंह, जितेंद्र जादौन, राजेश पाण्डेय एवं डॉ. नेहा त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में नाम कटने का मामला संसद पहुंचा

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम कटने के मामलों को लेकर अब मामला संसद तक पहुंच गया है। नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मतदाता सूची से कथित रूप से गलत तरीके से नाम हटाए जाने पर गंभीर चिंता जताई है। सांसद ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बिना पर्याप्त पारदर्शिता के काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।

धामपुर विधानसभा क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से सामने आई शिकायतों के बाद यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कुछ घरों में ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं जो वहां रहते ही नहीं हैं, जबकि कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की बात कही जा रही है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पत्र में कहा है कि मतदाता सूची से किसी नागरिक का नाम हटाया जाना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उसके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि यह प्रक्रिया पारदर्शी, जवाबदेह और सार्वजनिक निगरानी के दायरे में नहीं होगी तो इससे चुनावी निष्पक्षता और लोकतंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

पत्र में मांग की गई है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर उन मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाए, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही नाम हटाने के स्पष्ट कारण भी बताए जाएं। इससे प्रभावित मतदाताओं को समय रहते जानकारी मिल सकेगी और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उचित कानूनी कदम उठा सकेंगे। इसके साथ ही सांसद ने यह भी मांग की है कि यदि किसी मतदान केंद्र पर यह पाया जाता है कि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से या नियमों के विरुद्ध काटा गया है, तो संबंधित उपजिलाधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। पत्र में दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश देने की मांग भी की गई है। धामपुर क्षेत्र में वोटर लिस्ट को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सांसद का यह पत्र प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मतदाता सूची की गड़बड़ियों को नहीं सुधारा गया तो आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। फिलहाल सभी की निगाहें चुनाव आयोग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस निर्देश जारी किए जाते हैं।

## खुलेआम बिक रहा है चाइनीज मांझा

**नांगल सोती।** भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिए हो लेकिन सोती क्षेत्र में चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए खुलेआम दुकानों पर बेरोक टोक बेचा जा रहा है। नांगल सोती क्षेत्र में परचून और छोटी दुकानों पर जानलेवा चाइनीज मांझा खुलेआम बेचा देखा जा सकता है। यह चाइनीज मांझा देश में तमाम लोगों की जान ले चुका हैं, वही इसकी चपेट में आकर सैकड़ों लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। इसके साथ ही यह चाइनीज मांझा बेजुबान पक्षियों के लिए किलर मांझा साबित हो रहा हैं। जानकार लोगों का कहना है कि यह मांझा स्ट्रेचेबल होता है जो खींचने पर बढ़ जाता है, तोड़ना और काटना बहुत ही मुश्किल है। यह देखने में प्लास्टिक जैसा लगता है। नायलान के मजबूत धागे पर कैमिकल और किसी मेटल की परत चढ़ाकर तेज धार बनाई जाती है। इसी तेज धार के चलते कई लोगों की देश भर में मौत हो चुकी है। इसके साथ ही पतंग उड़ाते समय कई बेजुबान पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गवा चुके हैं। नांगल क्षेत्र में बच्चे दुकानों से खरीदकर पतंग उड़ाते देखे जा सकते है। दुकानदार अधिक मुनाफे के चक्कर में इस मांझे को खुलेआम बेच रहे है।

# महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भोले के भक्त भंडारे समिति की एक महत्वपूर्ण योजना बैठक समिति अध्यक्ष अंचल चौहान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति अध्यक्ष अंचल चौहान ने बताया कि समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भव्य एवं सुव्यवस्थित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक यह भंडारा एनएच-734 स्थित गढ़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पेयजल, चिकित्सा सुविधा, रात्रि विश्राम और ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति द्वारा सफाई व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।


बैठक में समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, चिकित्सा शिविर, भक्तों के ठहरने की व्यवस्था और सेवा कार्यों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में विजय वर्मा, अरविंद वर्मा, विनीत दीक्षित, रिकू, सुमित वर्मा, मयंक भारद्वाज सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से महा. शिवरात्रि के पावन अवसर पर भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने तथा सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।

## एक नजर

### दो दिन बाद निकली धूप



**बिजनौर।** दो दिन के घने कोहरे के बाद गुरुवार सुबह मौसम में बदलाव आया। धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसमें बढ़ोतरी देखी गई। बिजनौर जिले में पिछले कई दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार से रविवार सुबह तक आसमान में बादल छाए रहे और बारिश हुई थी, जिससे ठंड बढ़ गई थी। सोमवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा, हालांकि दोपहर में धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली। सोमवार देर रात एक बार फिर कोहरा छा गया, जो मंगलवार और बुधवार सुबह और घना हो गया। इस घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और सर्दी का प्रकोप बढ़ गया। बुधवार दोपहर में भी हल्की धूप निकली थी, जिससे कुछ राहत मिली। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप निकलने लगी, जिससे सर्दी का असर कम हुआ। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे की सड़कों पर अभी भी हल्का कोहरा देखा गया।

### गौशाला में गायों को हरी सब्जियां खिलाई



**नजीबाबाद।** नगर में श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने स्थानीय गौशाला में गायों की देखभाल और सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने गायों को हरी सब्जियां खिलाई और उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। यह सेवा कार्य नगरवासियों के सहयोग से संभव हुआ। स्थानीय लोगों ने गौशाला के लिए हरी सब्जियों का प्रबंध किया और सेवा कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि नगरवासियों में गौ माता के प्रति सम्मान और सेवा भाव आज भी जीवित है। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल गायों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज में सेवा और करुणा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। समूह ने नगरवासियों से अपील की कि वे महीने में कम से कम एक या दो दिन गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा करें और जहां संभव हो आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें। नगर के सम्मानित लोगों ने इस अवसर पर गौशाला के लिए आर्थिक योगदान भी किया। इससे न केवल गायों की दैनिक देखभाल में मदद मिलेगी, बल्कि भविष्य में गौशाला की सुविधाओं और संसाधनों के विस्तार में भी सहायता होगी। श्री गौ माता सेवा ग्रुप ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करेंगे और नगरवासियों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्रदान करेंगे। उनका कहना है कि सेवा और सहयोग से ही समाज और प्राकृतिक जीवन के बीच संतुलन और सामंजस्य बना रहता है।

### महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**नजीबाबाद**। प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा नारी सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता मोबीन हसन की उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर सुभाष राणा तथा सब इंस्पेक्टर प्रीति रानी ने विद्यालय के बालक/बालिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही सायबर क्राइम तथा उससे बचाव तथा पुलिस के सहयोग, अपातकालीन पुलिस सेवा, अग्निशमन, वीमेन हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन, गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, प्रतिज्ञा, नजमा, कुमुद, राधा, शीरीन, मदीहा, विनीत आदि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**धामपुर**। थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के अनुसार वह गांव की दुकान से सामान लेने गया था, तभी गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हमले के दौरान मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर युवक की जान बचाई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## खुर्शीद मंसूरी को टिकट देने की मांग



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल अंसारी के आवास पर आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती आसिफ ने की, जबकि मौलाना खालिद ने निजामत की जिम्मेदारी संभाली। इसमें क्षेत्र के कई जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। श्यामिवाला के पूर्व प्रधान शमशीद अहमद, सराय आलम के प्रधान शहजाद अहमद, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, पूर्व प्रधान साबू, मोहनपुर के पूर्व प्रधान इसरार अहमद, मन्नू मंसूरी, शमीम मंसूरी, आफताब, शमीम अंसारी, अब्दुल समी, इमरान, जीशान अहमद और फैजान अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद देश के उन गिने-चुने नेताओं में से हैं जो बिना डरे और बिना झुके संविधान, सामाजिक न्याय तथा दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से कहा कि यदि 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी साहनपुर से चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को टिकट देती है, तो क्षेत्र की जनता एकजुट होकर उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा भेजेगी। वक्ताओं का मानना था कि खुर्शीद मंसूरी ही ईमानदारी से क्षेत्र का विकास करा सकते हैं। बैठक में वर्तमान विधायक पर भी तीखा हमला बोला गया। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में वर्तमान विधायक ने जनता को केवल छलने का काम किया है और क्षेत्र में विकास पूरी तरह ठप रहा है। बैठक के अंत में क्षेत्र में बदलाव लाने और एक मजबूत नेतृत्व स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

# वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

## आरजेपी कालेज में होगा आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिविल जज (सी. डि.) प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंशुमन्न धुन्ना की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के साथ आज मेगा /वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता के दृष्टिगत सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में 22 फरवरी को जिला बिजनौर में मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इण्टर कालेज, बिजनौर में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उक्त मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सन्दर्भ में आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से उ.प्र. शासन के अन्तर्गत संचालित समस्त विभागों द्वारा आम जनमानस के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की जन-कल्याणकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार पैम्पलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि प्रचार समाग्री के माध्यम से किए जाने एवं अपने-अपने विभाग से अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों को चिन्हित किये जाने के अपेक्षा की गयी।

सिविल जज (सी.डि.) प्रभारी सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर अंशुमन्न धुन्ना द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, (नालसा) नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में दो जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, आपराधिक मामले आदि का निस्तारण करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, परियोजना निदेशक डीआरडीए, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महासम्मेलन सफल बनाने का निर्णय

## आईटीआई कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी करेगें प्रतिभाग: दीपक गुप्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा के तत्वावधान में होने वाले 15 फरवरी को पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आईटीआई कर्मचारी संघ की संघ भवन में राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला मंत्री आशीष सक्सेना के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से महासम्मेलन में प्रतिभाग करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। 15 फरवरी को मिलकर ऐतिहासिक बनाना है। सभी शिक्षक एवं कर्मचारी महासम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर करतार सिंह, कुलदीप जखमोला, अमित शर्मा, मनोज कुमार, प्रकाश सिंह, संजीव कुमार चौधरी, अबरार, ज्योत्सना त्यागी, कपिल अग्रवाल, प्रेम सिंह, सतवीर सिंह, शशिकांत, अशोक कुमार, ओमकार आदि मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारियां पूर्ण

### भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों शिव भक्तों की निर्बाध आवाजाही और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रूट डायवर्जन सहित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर चांदपुर-नहटौर मार्ग से अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, स्याना, गजरौला सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर गुजरते हैं। संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। चांदपुर से पैजनियां होते हुए नहटौर की ओर जाने वाले भारी वाहन अम्हेड़ा मार्ग से सीसीएस चौकी बालकिशनपुर चौराहा होते हुए नहटौर जाएंगे। इसी प्रकार नहटौर से पैजनियां एवं चांदपुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा बिजनौर से नूरपुर एवं मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहन बालकिशनपुर सीसीएस चौकी-नहटौर मार्ग से होकर संचालित होंगे। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित रूट का पालन करने तथा शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है।

प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## महंगाई और बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा देश

**स्योहारा।** कांग्रेस पार्टी के नेता एहसान जमील ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से रखते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासनकाल में कभी भी किसी जाति धर्म या वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया और सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति की है। एहसान जमील ने कहा कि देश की तरक्की, खुशहाली, एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा समावेशी राजनीति की है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसी न किसी रूप में कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को अपनाकर राजनीति की, लेकिन वर्तमान समय में राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदलता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी, महंगाई और अन्य गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है।

## प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर से जालसाजी का भंडाफोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शासन और प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और जाली मुहर के जरिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

ग्राम पंचायत हीमपुर बुजुर्ग के ग्राम प्रधान अली वारिस की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के विरुद्ध जालसाजी और धमकी देने के आरोप में प्रभावी कानूनी कार्रवाई की है। प्रधान अली वारिस के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव बिपिन कुमार ने एक आवेदन पत्र पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मुहर की पुष्टि करनी चाही। उन्होंने उक्त दस्तावेज पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए थे। जांच में सामने आया कि गांव के ही जिशान पुत्र अहसान ने कथित रूप से प्रधान की फर्जी मुहर तैयार करवाई और उनके जाली हस्ताक्षर कर अपनी पुत्री का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का प्रयास किया। पुलिस को सौंपी गई शिकायत में बताया गया है कि इस पूरे षड्यंत्र में जिशान का साथ गांव का ही मुर्तजा पुत्र बाबू खान दे रहा था। आरोप है कि मुर्तजा ही उन फर्जी दस्तावेजों को लेकर पंचायत सचिव के पास पहुंचा था, जिसकी संदिग्ध गतिविधियां कार्यालय में लगे कैमरे में भी दर्ज हुई हैं। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि जब प्रधान अली वारिस ने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। ग्राम प्रधान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना चांदपुर पुलिस ने आरोपी जिशान और मुर्तजा के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक षड्यंत्र और धमकी देने के संगीन आरोपों में मुक. दमा पंजीकृत कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेरणा एप से प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खण्ड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत उमरपुर आशा, हादकपुर, जमालपुर उदयचंद में स्थित प्राथमिक विद्यालयों का एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने प्रेरणा 5 एप के माध्यम से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय उमरपुर आशा में 52 बच्चे पंजीकृत पाए गए, जिसमें मौके पर 40 बालक-बालिकाएं उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत हादकपुर में 53 बच्चे पंजीकृत मिले तथा 35 बालक उपस्थित मिली। उधर ग्राम पंचायत जमालपुर उदय चंद के प्राथमिक विद्यालय में 107 बच्चे पंजीकृत पाए गए तथा 52 बालिकाए बालक बालिकाएं उपस्थित मिले।

VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, द्वितीय तल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, ज़कारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र, सीआईएन संख्या : U65922MH2005PLC272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता (बंधककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित संपत्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 'जहां है, जैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का खाता संख्या और नाम | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस के अनुसार तिथि और राशि और भौतिक कब्जे की तिथि | संपत्ति/संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य, बयाना राशि (रुपये में) | ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LP0000000092240 LP0000000171771 निशांत कुमार (कर्जदार), बबली सोम (सह-कर्जदार) | डिमांड नोटिस की तारीख 23 जुलाई 2025 और रकम 1286428/- रुपये और 365350/- रुपये 9-जुलाई-2025 तक + ब्याज लागत वगैरह और 12-दिसंबर-2025 | फ्रीहोल्ड आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल 235.390 वर्ग गज या 196.81 वर्ग मीटर है, खसरा नंबर 219 से संबंधित, गांव मोहिनीपुर, परगना दौराला, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है। | रू.1792560/- रू.179256/- | 07/03/2026 समय 10.00 AM से 12.00 PM, 06/03/2026 शाम 5.00 बजे तक, 17/02/2026 |

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएँ। ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शनटाइगर) से संपर्क कर सकते हैं; पता : मुख्य कार्यालय : बी-705, वॉल स्ट्रीट II, Opp. ओरिएंट क्लब, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद - 380 006 गुजरात (भारत)। संपर्क व्यक्ति : श्री राम शर्मा संपर्क नंबर : 8000023297/9265562818/9265562821/079-6813 6842/6869। ईमेल आईडी : ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net
2. नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं।
3. संपत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी रमन जोशी/सौरभ पाहवा से संपर्क नंबर से संपर्क करें। 7838293620/9216986668

**यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत एक वैधानिक 30 दिन का बिक्री नोटिस भी है**

दिनांक : 06.02.2026
स्थान : मेरठ

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# खेलों से निखरेगा विद्यार्थियों का भविष्य:जिलाधिकारी

## पीएम श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शैक्षिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में पीएम श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारम्भ किया गया। पुलिस लाइन बागपत स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जनपद में संचालित 12 पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रत्येक विकास खंड से दो विद्यालयों को पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। प्रत्येक विद्यालय से लगभग 60 विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान में विद्यार्थियों के जोश और खेल भावना ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कबड्डी और दौड़ जैसी प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी मुकाबलों में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और



रणनीति का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। वहीं दौड़ प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने तेज गति और बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान बालक और बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर, 200 मीटर और लंबी दूरी की दौड़ प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबढी प्रतियोगिता में भी कई विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही उन्हें भविष्य में बड़े स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करती हैं। सरकार द्वारा संचालित पीएम श्री विद्यालय योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य सह-पाठयक्रम गति. विधियों में भी आगे बढ़ाना है। पीएम श्री विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के साथ खेल सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम को लेकर उत्साह व्यक्त किया। प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग देखने को मिली, जिससे खेल मैदान जीवंत नजर आया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में कुत्तों बंदरों का जबरदस्त आतंक, 3 दिन में 80 लोगों को काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षैत्र में आवारा कुत्तो और बन्दरो का आतंक बना हुआ है। रोजाना रटौल पीएचसी पर रैबीज इन्जेकशन लगवानें के 25 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे है। वही आवारा कुत्तो और बन्दरो के कारण ग्रामीण परेशान है।







रटौल कस्बे के अलावा गढी कलजरी, नगलाबड़ी, निरोजपुर, डगरपुर, तुकाली आदि गावों मे कुत्तों और बंदरों का आतंक बना हैं, जिसके चलते ग्रामीण परेशान है। पिछले तीन दिनो से रटौल पीएचसी पर 80 से ज्यादा लोग रैबीज के इन्जेकशन लगवानें मरीज पहुचे है। कुत्तों के काटने से रटौल के समद, इलमा, सन्नो, साकिर, सौरव, आफरिन, देशपाल, वाहिद, गढी कलंजरी निवासी अंजलि, अहमदनगर निवासी आनन्द, मुबा. रिकपुर निवासी महताब, गढी कलजंरी निवासी कृष्ण, नगलाबड़ी निवासी पुष्पा, नगला बड़ी की मेघा, निरोजपुर निवासी सोहनपाल, डगरपुर निवासी अजित आदि को पिछले तीन दिनों मे रटौल पीएचसी पर रैबीज के इन्जेकशन लगवाये गये। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

## भाजपा कार्यकर्ता की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा टटीरी रेलवे फाटक के निकट भाजपा कार्यकर्ता रिंकू गुर्जर की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।





गुरुवार की सुबह करीब साढे आठ बजे कस्बा टटीरी रेलवे फाटक के निकट भाजपा कार्यकर्ता रिंकू गुर्जर की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। यात्रियों की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी बड़ौत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की। वहीं स्वजनों के आग्रह पर बिना पुलिस कार्रवाई के शव को उनके सुपुर्द कर दिया गया, जिसके बाद शव को अपने साथ लेकर चले गए।

## ब्लॉक प्रमुख ने लगाया जनप्रतिनिधि व उसके साथियों पर अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ब्लॉक प्रमुख सुनीता ने एक जनप्रतिनिधि व उसके साथियों पर अभद्रता और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की।

गुरुवार को ग्राम संतोषपुर बाघू निवासी ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सुनीता के मुताबिक गत चार फरवरी को क्षेत्र पंचायत कार्यालय बागपत में बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाना था। उसी दौरान एक जनप्रति. निधि अपने 20-25 साथियों के साथ मीटिंग हाल में आए। आरोप है कि जनप्रतिनिधि द्वारा अभद्रता की गई तथा उसके साथियों द्वारा धक्का मुक्की करने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं साइन रजिस्टर फेंक दिया गया। अपना सम्मान बचाने के लिए अपने बेटे के साथ मदद के लिए कलेक्ट्रेट जा रही थी। उसी दौरान जनप्रतिनिधि के साथियों ने उनका पीछा भी किया। बताया गया कि एक फरवरी को भी उन्होंने कोतवाली पर जान का खतरा बताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।



## एक नजर

### कंट्रोल रूम में 24 घंटे तैनात रहेंगे कर्मचारी, सूचना मिलने ही अधिकारियों को कराना होगा अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी तेज हो गई है। परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जहां से 24 घंटे परीक्षा केंद्रों और स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सूचनाओं के आदान-प्रदान और समस्याओं का निराकरण करने के लिए भी प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर दिए है। कोई भी सूचना मिलने पर कर्मचारी अधिकारियों को अवगत कराएंगे, जिस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक स्थिति के लिए कंट्रोल रूम और सूचनाओं का आदान प्रदान करने के लिए दो-दो सह प्रभारियों को रिजर्व में रखा गया है। विभाग की ओर से अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की समय सारणी जारी कर दी है।

बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्रों और स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए राजकीय हाईस्कूल बसौद के प्रधानाचार्य अंतरिक्ष कुमार को विभागीय नोडल और राजकीय हाईस्कूल बसौद की प्रधानाचार्य गीता शर्मा को कंट्रोल रूम प्रखाारी नामित किया गया है। इनके अलावा राजकीय हाईस्कूल गौना की सहायक अध्यापक भावना गुप्ता व नूतन, राजकीय हाईस्कूल तुगाना की सहायक अध्यापक रेनू चंर्द्रिका, मयूरी गुप्ता, संगीता, राजकीय हाईस्कूल सुभानपुर के सहायक अध्यापक अनुज सिसौदिया, नेहा वर्मा, मॉडल इंटर कॉलेज टांडा की सहायक अध्यापक जिज्ञासा, राजकीय हाईस्कूल मुबा. रिकपुर की सहायक अध्यापक ज्योति राणा, राजकीय हाईस्कूल बदरखा की सहायक अध्यापक तनन्नुम अंसारी, राजकीय हाईस्कूल अहेड़ा की सहायक अध्यापक अनिका अग्रवाल और राजकीय हाईस्कूल चौबली की शिल्पी वर्मा को कंट्रोल रूम सहायक नामित किया गया है। इनके अलावा सूचनाओं का आदान-प्रदान और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रभारी, सहप्रभारी और कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

## फार्म 6 भरने वाले 18 वर्ष के युवा मतदाताओं को डीएम ने पौधा देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2026 से 06फरवरी 2026 तक विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वंय एक विशेष अभियान की तिथि 05 फरवरी 2026 व 06फरवरी 2026 विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है, जिसके क्रम में 5 फरवरी 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने गौरीपुर जवाहर नगर व फैजपुर निनाना के विद्यालय बनाए गए बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ से अभियान के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



उन्होंने वहां पर 18 वर्ष से आयु के मतदाताओं ने जिन्होंने फार्म 6 भरा था उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा याद रहेगा आप जब पोर्टल बने थे तो अपने पौधारोपण किया था। जिलाधिकारी ने फार्म 6 भरने वाले 18 वर्ष के मतदाताओं को ग्रीन इलेक्शन अभियान का नाम दिया है जिससे युवाएं जोड़ रहे हैं और लो. कतंत्र के मतदाता बनाकर अपनी भागीदारी निभाएंगे। आज का मतदाता कल कल को लोकतंत्र की मजबूती देगा। उक्त अवधि में 01जनवरी 2026 को 18 वर्ष या अधिक आयु वाले ऐसे पात्र व्यक्ति जिनके नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 में आवेदन कर सकते हैं, नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने के तथा एक ही विधान सभी निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। अत: विशेष अभियान दिवस दिनांक 06 फरवरी 2026 की तिथि को भी समस्त बीएलओ अपने-अपने बूथो पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से फार्म प्राप्त करेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नागरिको से अपील कि है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अमर. चंद वर्मा तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## पीड़ित ने बैंक मैनेजर के विरूध शिकायत कर डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा दोघट के किसान ने बैंक मैनेजर पर लोन के बाकी 4 लाख 85 हजार रुपये मांगने पर धमकी तथा बैंक आरसी काटने की धमकी देने का आरोप। पीड़ित ने डीएम से न्याय गुहार लगाई।

कस्बा दोघट निवासी सुधीर कुमार ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि उसने एक बैंक से लोन के लिए करीब 15 लाख रुपये का आवेदन किया था। बैंक द्वारा करीब 8 लाख रुपये लोन किया गया। एक बैंक मैनेजर द्वारा खाते के माध्यम से करीब 3 लाख 15 हजार रुपये दिए गए। बैंक मैनेजर ने बिना अनुमति एक अन्य युवक के खाते 4 लाख 85 हजार रुपये डाल दिए। युवक से रुपये मांगे गए तो रुपये देने से मना कर दिया। उसने मैनेजर से शिकायत की और रुपये दिलवाने की मांग की। आरोप है कि इसका विरोध करने पर बैंक मैनेजर ने जान से मारने तथा बैंक द्वारा आरसी काटने की धमकी दी। पीड़ित ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कुछ समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ने डीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।



## एएसपी ने किया पुरामहादेव कांवड़ मार्ग पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने पुरामहादेव कांवड़ मार्ग पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चौहान ने श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और प्रकाश व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी डयूटी व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महाशिव. रात्रि पर पुरामहादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखना और भीड़ को नियंत्रित करना आवश्यक है। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने, चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित मार्ग बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने डयूटी में लाप. रवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से श्रद्धालुओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में की गई 26 मरीजों की जाँच

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोक. दल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक नि:शुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमे 26 मरीजों की जाँच की गई तथा 07 मरीजों को आप. रेशन के लिए चयनित किया गया।



क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डा.योगेश जिन्दल ने अवगत कराया की यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं, आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा.शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है, उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे। डा.जिन्दल ने बताया कि लायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1825 से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है, आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता, आफरीन, आरजू विदुषी, शालू की टीम के द्वारा किया गया, केम्प मे लायन अंकुर जैन, लायन ललित जैन, लायन मनोज गोयल, लायन अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा, जिन्दल लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ग्रामीणों ने अधिकारियों से की उचित कार्रवाई किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पर सरूरपुर गांव के ग्रामीण और ग्राम प्रधान पति जगबीर सिंह पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लिए कब्रिस्तान की भूमि को चिन्हित करने और इस संबंध में चल रहे विवाद को समाप्त करने की मांग की। अधिकारियों से शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने मामले में उचित कार्रवाई की अपील की।



ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले गांव के ही अनिल नामक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की भूमि पर कथित तौर पर जबरन बुलडोजर चलाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्रवाई पूरी तरह गलत थी और इस पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। ग्राम प्रधान पति जगबीर सिंह ने आरोप लगाया कि अनिल द्वारा चुनावी राजनीति के तहत इस तरह के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांव में 9 बीघा कब्रिस्तान की भूमि है, जिसमें से कुछ हिस्से पर तालाब बना हुआ था। जहां तालाब था, वहां कुछ ग्रामीणों ने अवैध रूप से मकान बना लिए हैं। जगबीर सिंह ने आगे बताया कि अब बची हुई भूमि का उपयोग मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान के तौर पर कर रहे हैं, जिसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि, अनिल नामक व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजनीतिक षडयंत्र के तहत रोजाना शिकायतें करता है, जो पूरी तरह निराधार हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों और ग्राम प्रधान पति ने अधिकारियों से 9 बीघा जमीन कब्रिस्तान के लिए आरक्षित करने और इस विवाद को पूरी तरह खत्म करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने जबरन कब्रिस्तान पर बुलडोजर चलाया था, उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**सूचना**

ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अंकित मोघा पुत्र राजपाल सिंह ओर जन्मतिथि 05.11.2000 दर्ज है, जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अंकित कुमार पुत्र राजपाल ओर जन्मतिथि 15.11.2000 है।

अंकित कुमार पुत्र राजपाल ग्वालीखेड़ा बागपत।

## वंशिका ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण सहित जीते दो पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जौहड़ी की दादी चंद्रो शूटिंग रेंज की निशानेबाज वंशिका चौधरी ने दिल्ली में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में बुधवार को दस मीटर एयर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में स्वर्ण सहित दो पदक जीते हैं।



दिल्ली की डा.कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो से 14 फरवरी तक एशियन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जौहड़ी की दादी चंद्रो शूटिंग रेंज पर प्रशिक्षण ले रही माखर गांव के किसान नीलम सोलंकी की बेटी वंशिका चौधरी ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए दस मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला वर्ग व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता तथा टीम स्पर्धा में अगम ग्रेवाल व रश्मिका सहगल के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीता। रेंज संस्थापक इंटरनेशनल निशानेबाज शैाली तोमर ने बताया कि वंशिका ने 577/600 का स्कोर बनाकर यह उपलब्धि हासिल की है। रेंज संरक्षक विनोद तोमर, कोच वाजिद अली व सचिव सुमित राठी ने कहा कि वंशिका ने इस उपलब्धि से जनपद, प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाया है।

## खेद व्यक्त करने के बाद पंचायत सचिवों का धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अपर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के साथ किए गए गलत व्यवहार के विरोध में बुधवार से विकास भवन में चल रहा ग्राम पंचायत सचिवों का धरना अपर जिलाधिकारी द्वारा खेद प्रकट करने के बाद गुरुवार को समाप्त हो गया।



बुधवार से विकास भवन में धरना दे रहे ग्राम पंचायत सचिवों के अनुसार बीते 31 जनवरी में सर्व को लेकर अपर जिलाधिकारी द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के साथ गलत व्यवहार किया गया था। इसके बाद जनपद के सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने अपने संगठन की ओर से जिला. धिकारी से शिकायत की गई थी और 4 फरवरी से धरना दिए जाने की बात कही गई थी। इसी के चलते बुधवार से ग्राम पंचायत सचिवों ने विकास भवन में धरना शुरू कर दिया था। बुधवार को भी मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी धरना स्थल पर आए थे लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया था। गुरुवार को भी यह यह धरना जारी रहा। दोपहर बाद मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सचिवों के बीच धरना स्थल पर आए और पंचायत सचिवों से वार्ता की। पंचायत सचिवों की मांग थी कि इस मामले में अपर जिलाधिक. ारी माफी मांगे। इसी को लेकर धरना स्थल पर आए अधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता की। ग्राम पंचायत सचिवों के संगठन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अपर जिलाधिकारी द्वारा अपने शब्दों पर खेद प्रकट किया और भविष्य में ऐसा नहीं होने की बात कही। इसके बाद पंचायत सचिवों ने विचार विमर्श के बाद धरना समाप्त कर दिया। धरने के दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार महामंत्री अंकुर भारद्वाज अनिल मोनू अमित तोमर सचिन कुमार सोरन सिंह दीपा अंजलि नीता जॉनी विकल बॉबी दिनेश गौरव प्रशांत आदि मौजूद रहे।

न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत।

विविध वाद्य संख्या-1 सन् 2024

धनवीर पुत्र स्व.सुखवीर सिंह निवासी पटटी चौधरान कस्बा बडौत तहसील बडौत जिला बागपत।, - प्रार्थी, बनाम, विनय कुमार पुत्र इकबाल निवासी ग्राम ककडीपुर तहसील बडौत जिला बागपत।, --विपक्षी, जैसा कि उपरोक्त वाद डिक्रीदार ने उपरोक्त विविध वाद योजित किया है लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को भी निस्वत दरखास्त उजर हो असालतन या वकालतन समय 10 बजे दिनांक 27-2-26 को अदालत अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत में उपस्थित होकर उजर पेश करे और दरसूरत इन्कायज तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म दरखास्त मजकूर के सादर होगा।

आदेशत: मुन्सरिम अपर सिविल जज सीनियर डिविजन, बागपत।

न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत।

इजराय संख्या-01 सन् 2025

लोकेश शर्मा उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र चरणसिंह निवासी ग्राम वाजिदपुर तहसील बडौत जिला बागपत।, - डिक्रीदार, बनाम, नरेन्द्र कुमार आयु 68 वर्ष पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम वाजिदपुर तहसील बडौत जिला बागपत।, -मदयूनान, जैसा कि डिक्रीदार ने उपरोक्त इजराय डिक्री का निस्पादन कराये जाने हेतु योजित किया है लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को भी निस्वत दरखास्त उजर हो असालतन या वकालतन समय 10 बजे दिनांक 07.02.2026 को अदालत सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत में उपस्थित होकर उजर पेश करे और दरसूरत इन्कायज तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म दरखास्त मजकूर के सादर होगा।

आदेशत:, मुन्सरिम, सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय बागपत।

# कानून का खौफ, गैंगस्टर से लेकर शराब माफिया तक पर कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** वर्ष 2026 के प्रथम माह में मेरठ परिक्षेत्र के अंतर्गत अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए व्यापक ऑपरेशन प्रहार के तहत हापुड़ जनपद में भी पुलिस ने प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई कर अपराधियों की कमर तोड़ दी। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी के निर्देशन में परिक्षेत्र स्तर पर अपराध नियंत्रण के लिए सख्त अभियान चलाया गया, जिसमें हापुड़ पुलिस ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

माह जनवरी में हापुड़ जनपद में गैंगस्टर अधिनियम के तहत 8 अभियोग दर्ज कर 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत 38 अभियोगों में 20 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए 28 अवैध शस्त्र व 39 कारत.स बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त एनडीपीएस अधि. नियम में 1 अभियोग में 1 अभियुक्त को पकड़ा गया, जबकि आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 37 अभियोग दर्ज कर 37 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गुण्डा अधिनियम के तहत भी हापुड़ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 14 अपराधियों पर कार्रवाई की, जिनमें से 2 अपरा. धियों को जिला बदर किया गया। पूरे परिक्षेत्र की बात करें तो जनवरी माह में 159 अपराधियों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई हुई और 35 को जिला बदर किया गया। मेरठ रेंज स्तर पर ऑपरेशन प्रहार के तहत गैंगस्टर, शस्त्र, एनडीपीएस और आबकारी अधिनियमों में सैकड़ों अभियोग पंजीकृत कर 193 अभियुक्तों को अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार, जबकि 198 अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजा गया। इसके साथ ही 49 अपराधियों पर विभिन्न स्तर से इनाम घोषित किया गया है। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने परिक्षेत्रीय पुलिस को निरोधात्मक कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई में कमी आती है तो उनका मनोबल बढ़ता है, जिससे अपराध में वृद्धि की आशंका रहती है। ऐसे में आदतन अपराधियों और संगठित गिरोहों के खिलाफ कठोर और ठोस कार्रवाई जरूरी है।

# विवाहिता की मौत से हड़कंप, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव आरिफपुर मढैय्या में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 25 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध हालात में एक मकान के भीतर बेड पर पड़ा मिला। महिला के गले पर फंदे के निशान साफ दिखाई देने से मामला गंभीर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस जांच में मृतका की पहचान तनु (25) के रूप में हुई, जो मूल रूप से गांव सलारपुर की रहने वाली थीं। करीब पांच वर्ष पूर्व उनका विवाह मेरठ जिले के घुड़म गांव निवासी युवक से हुआ था। परिजनों के अनुसार तनु पिछले लगभग 25 दिनों से अपने पति से अलग होकर पति के एक मित्र के साथ रह रही थीं। ग्रामीणों ने मकान में महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने पुलिस बल और फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में गले पर फंदे के निशान पाए गए, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 12 बजे उन्हें बेटी की मौत की जानकारी मिली, जिसके बाद वे परिजनों के साथ मौके पहुंचे। वहीं पुलिस ने उन्हें घटनास्थल की स्थिति से अवगत कराया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस आत्महत्या और हत्या, दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। घटना के बाद से महिला के साथ रह रहा युवक फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# झड़ीना की ग्रहणी कमलेश त्यागी बनीं स्वच्छता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ग्राम झड़ीना की ग्रहणी कमलेश त्यागी अपने घरेलू दायित्वों के साथ-साथ कचरा प्रबंधन की ऐसी अनुकरणीय पहल कर रही हैं, जो पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उनकी जागरूकता और लगन से न केवल घर में स्वच्छता बनी हुई है, बल्कि गांव की अन्य महिलाएं भी कचरा प्रबंधन को अपनाने के लिए आगे आ रही हैं।

केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान और प्रदेश सरकार के स्वच्छता प्रयासों के बीच झड़ीना गांव में कमलेश त्यागी का यह प्रयास अभियान को जमीनी स्तर पर साकार करता नजर आ रहा है। वह अपने घर के सूखे और गीले कचरे को पूरी तरह अलग-अलग रखती हैं। गीले कचरे से तैयार जैविक खाद का उपयोग वह अपने घर की फुलवारी और शाक वाटिका में करती हैं, जबकि सूखे कचरे को जंगल में गड्डों में दबाकर खाद में परिवर्तित कर फसलों में प्रयोग किया जाता है।

हाईस्कूल तक शिक्षित और चार बच्चों की मां कमलेश त्यागी को बचपन से ही साफ-सफाई और पेड़-पौधों से विशेष लगाव रहा है। इसी रुचि के चलते उन्होंने अपने घर में सैकड़ों प्रजातियों के पौधों की वाटिका विकसित की है, जो जैविक खाद से लहलहा रही है। घर की साफ-सफाई से निकलने वाले कूड़े के लिए उन्होंने अलग ड्रम की व्यवस्था कर रखी है, जबकि किचन से निकलने वाला बचा हुआ भोजन और फलों के छिलके अलग पात्र में एकत्र किए जाते हैं। कमलेश त्यागी के इस प्रयास में उनके बच्चे भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। सूखे कचरे को ट्रैक्टर और बुग्गी के माध्यम से खेत तक पहुंचाकर गड्ढों में दबाया जाता है, जिससे प्राकृतिक खाद तैयार हो सके। उनका कहना है कि स्वच्छता को बढ़ावा देना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आमजन की भागीदारी के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता। कमलेश त्यागी का मानना है कि स्वच्छता अपनाकर न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि अधिकांश संक्रामक बीमारियों से भी बचाव संभव है। उनके इस जागरूक प्रयास ने झड़ीना गांव को स्वच्छता की राह पर आगे बढ़ाने का कार्य किया है और अन्य ग्रामीणों के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



# सम्मान और संस्कारों के साथ 12वीं के छात्रों को किया विदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के प्रांगण में बुधवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल एवं ग्रुप डायरेक्टर डा. सुभाष गौतम द्वारा हवन-पूजन के साथ की गई, जिसमें विद्यार्थियों के सफल, उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान विद्यालय का माहौल उस समय भावुक हो गया, जब शिक्षकों ने अपने प्रिय विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक विदाई दी। शिक्षकों ने कहा कि यह विदाई किसी सफर का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए और गौरवशाली अध्याय की शुरुआत है। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रिया राणा को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर', सनोबिया को 'स्टार ऑफ द बैच' और 'मिस फेयरवेल', सारा को 'फैशनिस्टा', शिज़ा को 'मोस्ट कॉन्फिडेंट', शिवा को 'मोस्ट कोऑपरेटिव', कुशाग्र को 'मोस्ट डिसिप्लिन्ड' एवं 'मिस्टर फेयरवेल' तथा हर्षित तोमर को 'यंग अचीवर' के खिताब से नवाजा गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका डा. निधि मलिक ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जीवन में जहां भी जाएं, अपनी मेहनत, अनुशासन और आचरण से विद्यालय का नाम सदैव रोशन करें। समारोह के अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल एवं ग्रुप डायरेक्टर डा. सुभाष गौतम ने विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम यादगार पलों और भावनात्मक क्षणों के साथ संपन्न हुआ, जिसे छात्र लंबे समय तक संजोकर रखेंगे।




# दस्तावेजों में खामियां पड़ी भारी, फैक्ट्री पर चला प्रशासन का ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** औद्योगिक क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने यूपीएसआईडीसी फेस-2 स्थित जी-359 नंबर फैक्ट्री को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

प्रशासन को फैक्ट्री के संचालन को लेकर लंबे समय से नियमों के उल्लंघन और आवश्यक दस्तावेजों की कमी की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए लेखपाल अनुज चौधरी और नायब तहसीलदार अमरपाल के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान फैक्ट्री में कई खामियां पाई गईं, जिनका संतोषजनक जवाब प्रबंधन की ओर से नहीं दिया जा सका। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उच्च अधिका. रियों के निर्देश पर फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिसर को अपने कब्जे में लेकर विधिवत सीलिंग की प्रक्रिया पूरी कराई। नायब तहसीलदार अमरपाल ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्र में नियमों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस सख्ती से धौलाना औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही। पुलिस प्रशासन ने पूरे अभियान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखी। वहीं अन्य फैक्ट्री संच. ालकों को भी चेतावनी दी गई है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें और तय मानकों के अनुरूप ही औद्योगिक गतिविधियों का संच. ालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।



# आउटसोर्सिंग से लेकर मेला भुगतान तक सवालों के घेरे में नगर पालिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर की वर्तमान कार्यप्रणाली को लेकर सभासदों ने गंभीर आपत्ति जताई है। सभासदों का कहना है कि पालिका में कई स्तरों पर प्रक्रियात्मक खामियां सामने आ रही हैं, जिससे पारदर्शिता, प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी धन के समुचित उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

सभासदों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जा रही नियुक्तियों में शासनादेश, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति, बोर्ड बैठक और विधिवत प्रस्ताव जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। इससे न केवल नियमों की अनदेखी हुई है, बल्कि वित्तीय अनुशासन पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। इसके साथ ही ब्रजघाट क्षेत्र में मेला आयोजन के नाम पर बेरी कटिंग, गोताखोर, नाविक आदि विभिन्न मदों में किए जा रहे भुगतानों की प्रक्रिया भी संदेह के घेरे में है। सभासदों का कहना है कि इन भुगतानों की आवश्यकता, स्वीकृति और मानक प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर सभासद विनय सागर, अरुण गोड, प्रदीप निषाद, विनय यादव, इकराम नूर, अंकित कंसल सहित अन्य सभासद एकजुट होकर हापुड़ के अपर जिलाधिकारी से मिले और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की। सभासदों ने कहा कि जांच के माध्यम से वास्तविक स्थिति सामने आनी चाहिए, ताकि भविष्य में नगर पालिका के सभी कार्य शासनादेशों और निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संचालित किए जा सकें।

## एक नजर

### पिलखुवा में चला 'सिंघम' एक्शन, थाना प्रभारी मनीष चौहान ने अतिक्रमण पर किया जोरदार प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा की तंग और संकरी गलियों में लंबे समय से फैला अतिक्रमण आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ था। हालात ऐसे थे कि दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता था और महज दो मिनट का रास्ता तय करने में लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता था। जनता की इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए पिलखुवा थाना प्रभारी मनीष चौहान ने सख्त रुख अपनाया और अतिक्रमण के खिलाफ दमदार अभियान चलाया।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तंग गलियों और मुख्य सड़कों पर फैले अतिक्रमण को हटवाया। सड़कों के बीच तक ठेले, दुकानों का सामान और अवैध पार्किंग ने यातायात को पूरी तरह बाधित कर रखा था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आसान नहीं थी, क्योंकि दुकानदारों और ठेले वालों ने सड़क को ही अपना कारोबार स्थल बना लिया था, लेकिन मनीष चौहान ने सख्ती और स्पष्ट चेतावनी के साथ अभियान को अंजाम तक पहुंचाया। सबसे पहले सड़क पर खड़े ठेले वालों को चेतावनी देते हुए उन्हें तुरंत हटवाया गया और साफ शब्दों में कहा गया कि भविष्य में अतिक्रमण फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद दुकानदारों को भी निर्देश दिए गए कि सड़क पर फैला सामान तत्काल हटाएं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई से नहीं बच पाएंगे। पुलिस की सख्ती के आगे अतिक्रमणकारियों को झुकना पड़ा और देखते ही देखते सड़कें खाली हो गईं। अतिक्रमण हटने के बाद पिलखुवा की सड़कों का नजारा पूरी तरह बदल गया। जहां पहले हर समय जाम लगा रहता था, वहां अब यातायात सुचारू रूप से चलता नजर आया। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए थाना प्रभारी मनीष चौहान की इस 'सिंघम' कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह सख्ती बरती जाएगी, ताकि पिलखुवा अतिक्रमण मुक्त बना रहे।

### जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा, सिम्भावली में सीडीओ का एक्शन मोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बृहस्पतिवार को विकास खंड सिम्भावली कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस मौके पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अनवर शेख, खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास व सहकारिता), अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पेंशन योजनाओं, सोशल सेक्टर के सत्यापन, एसआईआर, फार्मर रजिस्ट्री, आरटीई के अंतर्गत नामांकन, अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चों के पंजीकरण, फैमिली आईडी तथा स्वयं सहायता समूहों के गठन और उन्हें बाजार से जोड़ने जैसे कार्यों को स्पष्ट रणनीति बनाकर समय से पूरा किया जाए। सीडीओ ने दो टूक कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में ढिलाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों से प्रशासनिक अमले में हलचल रही और कार्यप्रणाली में सुधार की अपेक्षा जताई गई।

# हापुड़ में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर, जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने वाला शातिर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अहम दस्तावेज और फर्जी टैक्स इन्वॉइस बरामद किए हैं।


थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा में वांछित व नामजद अभियुक्त को टूटे रेलवे फाटक वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शादाब मलिक पुत्र नवाब अली निवासी मोहल्ला रमपुरा, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से तीन पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, एक बैंक पासबुक तथा फर्जी किंग इंटरप्राइजेज फर्म से संबंधित टैक्स इन्वॉइस बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी पंजीकरण कराया था और सरकारी विभाग को गुमराह करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी मनीष चौहान का कहना है कि बरामद दस्तावेजों के आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े के जरिए कितने लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया और इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रवृत्ति वितरण में भारी गड़बड़ी, मोनाड यूनिवर्सिटी हुई ब्लैकलिस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड यूनिवर्सिटी एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में आ गई है। सरकारी छात्रवृत्ति वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप के बाद जिला प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति दर्शाकर करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति हासिल की गई। जिला प्रशासन की जांच में करीब 53 करोड़ रुपये के कथित फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई है। इसके बाद शासन स्तर पर कार्रवाई करते हुए मोनाड यूनिवर्सिटी को छात्रवृत्ति योजना से बाहर कर दिया गया है। साथ ही, यूनिवर्सिटी से धन की वसूली और संबंधित धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार के अनुसार, पिछले वर्ष छात्रवृत्ति वितरण की नियमित जांच के दौरान मोनाड यूनिवर्सिटी में गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद वर्ष 2013 से 2025 के बीच वितरित छात्रवृत्तियों की रैंडम जांच कराई गई, जिसमें अधिकांश प्रकरण संदिग्ध पाए गए। जांच में लगभग 90 प्रतिशत छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के मामले अपात्र या गलत श्रेणी में दर्ज पाए गए। प्रशासनिक जांच में यह भी सामने आया कि करीब 50 करोड़ रुपये अनुसूचित जाति वर्ग के नाम पर और लगभग 3 करोड़ रुपये सामान्य वर्ग की छात्रवृत्ति के रूप में गलत तरीके से प्राप्त किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए चार सदस्यीय विशेष जांच टीम गठित की गई थी, जिसने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने सख्त रुख अपनाते हुए मोनाड यूनिवर्सिटी को छात्रवृत्ति योजना से ब्लैकलिस्ट कर दिया। अब यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत कोई भी छात्र सरकारी छात्रवृत्ति का लाभ नहीं ले सकेगा। साथ ही 53 करोड़ रुपये की रिकवरी की कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। समाज कल्याण विभाग का मानना है कि यह मामला अभी पूरी तरह उजागर नहीं हुआ है। विभाग के अनुसार यदि पिछले एक दशक के सभी मामलों की विस्तृत जांच की गई तो यह राशि 150 करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी आरा. ेपों को निराधार बताया है। कुलपति डक्क मोहम्मद जावेद का कहना है कि उन्हें यूनिवर्सिटी को ब्लैकलिस्ट किए जाने की कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि विश्व. विद्यालय में सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार संचालित की जाती हैं। उल्लेखनीय है कि मोनाड यूनिवर्सिटी इससे पहले भी फर्जी डिग्री और मार्कशीट से जुड़े मामलों में जांच का सामना कर चुकी है। छात्रवृत्ति प्रकरण ने एक बार फिर यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गली निर्माण के बाद हुआ लोकार्पण



**पीलीभीत।** शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित राजबाग कॉलोनी की गली नंबर 3 के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद गुरुवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर गली का शुभारंभ किया तथा शिलापट का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कॉलोनीवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गली का निर्माण कराया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि अवतार सिंह मोनू, भाजपा नेता आशा मिश्रा, सुमित गंगवार, गगन मिश्रा, कपिल मिश्र, भाजपा मीडिया सह संयोजक विपिन मिश्रा, सभासद एहतशाम वली खां, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, साकेत सक्सेना, इमरान अंसारी, विकास बाबू, कमलेश वर्मा, रोहित रॉय सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कॉलोनीवासियों ने गली निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद और पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने बीसलपुर चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ने बीसलपुर चीनी मिल, विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर व बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना से भरी ट्राली की तौल कराई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चीनी मिल में उपस्थित किसानों से पेयजल, रात्रि विश्राम, गन्ना तौल के बारे मे फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिक. ारी को निर्देश दिये गन्ना पर्चियां नियमित काटी जाए जिससे कि किसानों को पर्ची की समस्या न उत्पन्न हो, सभी किसानों का गन्ना समय से चीनी मिल में तुलवाये। इसके साथ ही उन्होंने अब तक तौल किए गये गन्ना भुगतान की जानकारी प्राप्त की और चीनी मिल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विकासखण्ड कार्यालय बीसलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंटीन, आफिस, सभागार, कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा, पत्रावलियों को व्यवस्थित रखने व साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी के आवासीय भवन की जानकारी ली, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आवास की रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है। इसके उपरान्त बीसलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसलपुर में चल विशेष पुनरीक्षण-2026 कार्य के अन्तर्गत नो मैपिंग मतदाता को नोटिस के क्रम में की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान अबतक प्राप्त फार्मों के सम्बन्ध में जानकारी ली और उपस्थित नोटिस प्राप्तकर्ता से जानकारी प्राप्त की।

# प्रीपेड मीटर और मनमानी के खिलाफ बरखेड़ा व्यापार मंडल के द्वारा सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, प्रीपेड मीटर की विसंगतियों और व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में बरखेड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कड़ा रुख अपनाते हुए बरखेड़ा खंड विकास अधिकारी (ठक्) को ज्ञापन सौंपकर कारवाही की मांग की।जिलाध्यक्ष एमए जिलानी के निर्देश पर मुख्यमंत्री को एक 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। नगर महामंत्री हरीश भारती,जिला उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ मोहम्मद अनस के नेतृत्व में व्यापार मंडल ने खंड विकास अधिकारी (ठक्) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रीपेड मीटर व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व उपभोक्ताओं की पुरानी जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए और प्रीपेड व्यवस्था में फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त कर शुद्ध उपभोग (जितनी बिजली खर्च, उतना बिल) आधारित बिलिंग की जाए।साथ ही, बंद मकानों पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

# रूबी हत्याकांड का खुलासा, प्रेम संबंध में दरार बना हत्या की वजह

## मृतका व हत्यारोपी के बीच थे चार साल थे अवैध संबंध, मृतका द्वारा बात बंद करना बना खूनी खेल का कारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अवैध संबंधों के चलते रूबी की हत्या की गयी थी। मृतका व आरोपी के बीच करीब तीन-चार साल से अवैध संबंध थे। लेकिन चार माह पहले मृतका द्वारा प्रेमी से बात. चीत पूरी तरह बंद कर दी गई थी। बार-बार प्रयासों के बावजूद संपर्क न होने से आहत धीरज ने गुस्से व जुनून में आकर इस जघन्य कांड को अंजाम दे डाला। पुलिस ने आज आरोपी धीरज व उसके भाई को जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि बुधवार दोपहर कैलसा रोड स्थित गांव पचोकरा इस हत्याकांड से बवाल में घिर गया था। दरअसल, गांव के रहने वाले दलित समाज के मजदूर नरेंद्र सिंह की पत्नी रूबी गांव में ही गुड्डू के बेटे कोशिन्द्र के लग्न कार्यक्रम में दावत खाकर घर लौट रही थी। रास्ते में खड़े मिले बाल्मिकी समाज से ताल्लुक रखने वाले पड़ोसी राशन डीलर बृजपाल के बेटे धीरज ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रूबी को सरेराह मौत के घाट उतार दिया था। मामला दो अलग-अलग जाति से जुड़े होने के कारण गांव में तनाव बन गया था। गुस्साई भीड़ ने हत्यारोपी के घर और घेर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी। बेकाबू होते हालात संभालने में पुलिस अफसरों का भी पसीना छूट गया था। मौके पर छह थानों की फोर्स और पीएसी को बुलाना पड़ा था। एसपी अमित कुमार आनंद और एएसपी अखिलेश भदौरिया समेत अन्य पुलिस अफसर भी भीड़ को समझाने में नाकाम रहे थे जबकि जनप्रतिनिधि व समाजिक व राजनैतिक संगठनों के लोगों को भी ग्रामीणों के गुस्से के आगे गांव से मायूस होकर लौटना पड़ा था। वहीं, हत्या के बाद घटनास्थल से अपनी जान बचाकर भागे धीरज ने घर में जाकर खुद को कमरे में बंद कर लिया था। खून का बदला खून को लेकर मचने शुरू हुए शोर से बने तनावपूर्ण माहौल में पुलिस अफसरों ने नाटकीय ढंग से धीरज को वर्दी पहनाकर बमुश्किल गांव से बाहर निकाला था। गांव में छह घंटे तक चलते रहे बवाल के बाद देर शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी थी। दोनों जाति के लोगों में बने तनाव को देखते हुए गुरुवार को भी गांव में पुलिस बल व पीएसी तैनात रही। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले में मृतका रूबी के पति नरेंद्र सिंह की तहरीर पर मुख्यारा. पी धीरज कुमार, उसके भाई नीरज, मां अनीता, पिता बृजपाल और परिर. चत मनिराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वहीं, मुख्यारोपी धीरज और उसके भाई नीरज को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। एसपी के मुताबिक हत्यारोपी धीरज और मृतका रूबी के बीच प्रेम संबंध थे। चार महीने से रूबी और धीरज की बातचीत बंद थी। इसी बात पर गुस्से में धीरज ने रूबी की हत्या की है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हो गया है।



### कड़ी सुरक्षा के बीच शव का अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पोस्टमार्टम के बाद मृतका रूबी के शव का कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कराया गया। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि अधिकारियों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।

### खूनी वारदात ने उजाड़ दिये दो परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अवैध संबंधों की इस खौफनाक कहानी ने दो परिवारों को पूरी तरह बिखेर कर रख दिया। एक तरफ मजदूर नरेंद्र सिंह का घर, जहां मां की सरेआम हत्या के बाद तीन मासूम बच्चे हमेशा के लिए अपनी ममता से जुदा हो गए। मां के बिना सूना पड़ा आंगन, सहमे हुए बच्चों से इस वारदात ने उनके बचपन से मुस्कान छीन ली। वहीं दूसरी ओर आरोपी धीरज का परिवार भी इस घटना के बाद टूट चुका है। हत्या के जुर्म में युवक जेल चला गया, जिससे उसके घर पर भी सन्नाटा और बदनामी का साया छा गया है। एक गलत रिश्ते और बेकाबू गुस्से ने दो घरों की खुशियां छीन लीं। एक परिवार मामता के आंचल से वंचित हो गया, तो दूसरा अपना बेटा खो बैठा। यह वारदात समाज के लिए एक कड़वी सीख छोड़ गई कि अवैध संबंध किस तरह पूरे परिवारों को तबाह कर देती हैं।

### दूसरे दिन भी गांव में तैनात रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। हत्या के बाद हुए बवाल के दूसरे दिन भी गांव पचोकरा में तनाव का माहौल बना रहा। हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को भी गांव में भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रखी। अधिकारियों ने लगातार पैदल गश्त कर ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की तथा गांव में अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर निगरानी करती रही। पुलिस की सख्ती और सतर्कता के बीच धीरे-धीरे हालात सामान्य होने की कोशिश करते दिखे, हालांकि दोनों पक्षों के बीच बने तनाव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना बना रहा।

# प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों पर रिपोर्ट के आदेश

## वकील की मां के खाते से 70 हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधक, फील्ड आफिसर ने धोखाधड़ी कर वकील की मां के खाते से 70 हजार रूपये निकाल लिये। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं।

जानकारी के मुताबिक रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव तुगल. काबाद में किसान स्व.श्यामलाल का परिवार रहता है। उनकी बेटी ममता जिला न्यायालय परिसर में विधिक व्यवसाय करती हैं। उनका आरोप है कि उनकी माता राम किशोरी का खाता गांव देहरा मिलक की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में खुला था। 15 मई 2025 को मां रामकिशोरी को लेकर ममता खाते से 10 हजार रुपये निकालने के लिए गई थीं। उन्होंने वाउचर भरकर कैश काउंटर पर दे दिया। इस दौरान बैंक कर्मियों ने खाता बंद होने की बात कही। कारण पूछने पर शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज के पास भेज दिया। ममता जब अपनी बीमार मां रामकिशोरी को लेकर शुभम कुमार भारद्वाज के पास पहुंची तो वह भड़क गए, अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। खाता चालू करने से इंकार कर दिया। दो जुलाई की सुबह लगभग दस बजे ममता ने जन सेवा केंद्र के माध्यम से खाते की स्थिति चेक कराई तो पता चला कि शाखा प्रबंधक व अन्य कर्मियों ने धोखाधड़ी से उनकी मां के खाते से 70 हजार रुपये बिना बताए काट लिए हैं। ममता का आरोप है कि शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, फील्ड ऑफिसर मिंटू और कार्यालय सहायक रेवंत रमनिक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धनराशि निकाल ली। मामले की शिकायत थाना पुलिस से की गई तो पीड़ित पक्ष की कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर सीजेएम ने सैदनगली थाना पुलिस को शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, फील्ड ऑफिसर मिंटू और कार्यालय सहायक रेवंत रमनिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने की आदेश दिया है।

# पति के दोस्तों ने किया महिला से दुष्कर्म

- घटना के बारे में बताने पर भी पति ने नहीं जताया विरोध
- पति व उसके दो दोस्तों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक महिला के साथ पति के दो दोस्तों ने डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर जाकर पति को सारी घटना के बारे में बताया लेकिन इसके बाबजूद भी पति ने आरोपितों के प्रति न तो कोई विरोध जताया बल्कि पत्नी को चुप रहने की नसीहत दी। जिसके बाद पीड़िता ने अपने भाई को घटना के बारे में बताया। भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने महिला के पति समेत तीन आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक नशेड़ी और जुआरी है। उसकी शादी नौगावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। उसके दो दोस्त फरजन्द व फजरू उसकी पत्नी पर गलत नीयत रखते हैं। सब कुछ जानकर भी वह अपने दोस्तों की हरकत का विरोध नहीं करता था, इस कारण दोस्तों के हौंसले दिन-ब-दिन बढ़ते रहे। आरोप है कि 25 जनवरी की रात को करीब नौ बजे पति अपने दोस्त फरजन्द व फजरू को बाइक पर लेकर आया और पत्नी को उनकी बाइक पर बैठकर किसी के पास जाकर पैसे लेकर आने की बात कही। पत्नी ने उनके साथ बैठने को मना किया तो पति ने कहा कि वह दूसरी बाइक से आ रहा है। एक बाइक पर तीन लोग नहीं बैठ सकते इसलिए फरजन्द व फजरू के साथ बैठकर चलो। इसके बाद वह पति के दोस्तों के साथ बाइक पर बैठ गई। कुछ दूर पहुंचने के बाद भी जब महिला का पति नहीं आया तो उसने बाइक रोकने को कहा मगर दोनों युवकों ने बाइक नहीं रोकी। जिस पर वह बाइक से कूद गई। इसके बाद फरजन्द व फजरू ने उसे पकड़ लिया और डरा धमकाकर दुष्कर्म किया और फरार हो गए। महिला यहां से रोते हुए अपने घर पहुंची और पति को पूरी घटना के बारे में बताया, मगर पति ने उसकी बात सुनकर भी आरो. पित दोस्तों के प्रति कोई विरोध जताने के बजाए पत्नी को ही चुप रहने की नसीहत दी। जिसके बाद पीड़िता ने अपने भाई को घटना के बारे में बताया। भाई ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित फरजन्द व फजरू के साथ साथ पीड़िता के पति नौशाद के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### चचेरे-तहेरे भाईयों में मारपीट, सिर पर हथौड़ा लगने से अधिवक्ता का भाई घायल

# ग्राहक को लेकर आपस में भिड़े फर्नीचर कारोबारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ग्राहक को लेकर फर्नीचर कारोबा. री चचेरे-तहेरे भाई आमने-सामने आ गए। जिनमें बीच सड़क जमकर लात घूंसे चलने से अफरातफरी मच गई। हथौड़ी से हमले में सिर पर गंभीर चोट लगने से अधिवक्ता का भाई लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कराकर बमुश्किल बिगड़ते हालात को संभाला। मारपीट की घटना घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान की है। यहां रहने वाले वसीम अकरम पेशे से अधिवक्ता हैं। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक मोहल्ले में उनकी फर्नीचर की दुकान है। जिसका नाम अमरोहा शोरूम है। आरोप है कि चाचा शहाबुद्दीन व उनके बेटे काफी समय से परिवार से रंजिश रखते हैं। जिसके चलते उन्होंने उनकी दुकान के बराबर में उसी नाम से एक दूसरी दुकान खोल रखी है। घटना बुधवार शाम करीब चार बजे की है। वसीम अकरम, उनके पिता मोहम्मद अमीन व भाई नईम अकरम दुकान में मौजूद थे। उसी दौरान पहुंचे एक ग्राहक को दुकान पर काम करने वाला युवक फहीम सामान दिखाने लगा, आरोप है कि तभी चाचा शहाबुद्दीन अपने बेटे सलाहुद्दीन व एहतेशाम तथा रिश्तेदार आदिल व अनवर को लेकर दुकान पर आ गए। सभी ने ग्राहक को लेकर गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया। हथौड़ी से किए गए वार में सिर में गंभीर चोट लगने से नईम अकरम लहूलुहान होकर गिर गया जबकि मारपीट में वसीम अकरम व उनके पिता मोहम्मद अमीन गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा बीच-बचाव कराए जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अधिवक्ता वसीम अकरम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को शहर सीएचसी में भर्ती कराया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने घटना की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। वहीं, बीच सड़क दोनों पक्षों में चली मारपीट की एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।

# कुत्ता लेकर टहल रहे युवक पर फायर झोंका

## पुलिस घटना की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। स्कॉर्पियो सवार युवकों ने गांव में कुत्ता टहला रहे किसान के बेटे पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली शरीर के पास से गुजर गई। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। किसान ने मामले में आरोपियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। फिलहाल, पुलिस अभी घटना की जांच कर रही है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर पट्टी की है। यहां पर किसान सोनू कटारिया का परिवार रहता है। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक गुरुवार शाम में लगभग चार बजे उनका बेटा लक्ष्य कटारिया पालतू कुत्ते को घर के आगे टहला रहा था। उसी दौरान नौगावां सादात की तरफ से एक स्कॉर्पियो वहां आकर रूकी, जिसमें सवार युवकों ने अंदर बैठे हुए ही लक्ष्य पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली उसके शरीर से सटकर गुजर गई। फायर की आवाज सुनकर सहमे लक्ष्य ने वहां से दौड़ लगाकर अपनी जान बचाई। उधर, मंसूबा नाकाम होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाईपास रोड से कांठ की तरफ भाग गए। बेटे पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सोनू कटारिया ने थाने में तहरीर दी है, साथ ही एक सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिखाई है, जिसमें घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो का नंबर दिखाई दे रहा है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

# बच्चों को दी जंक फूड न खाने की सलाह

### आबिदी प्लेवे स्कूल को मिला एजुकेशनल अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शिक्षाविद खामसा जबीं सलमी नकवी (सेवानिवृत अध्यापिका, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली) और सादेकेन मेमोरियल ट्रस्ट दिल्ली के चेयरमैन मौहम्मद अली हैदर नकष्वी ने आज आबिदी प्लेवे स्कूल का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने आबिदी प्लेवे स्कूल की प्रधान अध्यापिका शाजिया इमदाद आबिदी को अफजाल अहमद मेमोरियल एजुकेशल अवार्ड देकर सम्मानित किया।

उन्होंने नन्हें मुन्ने बच्चों से मुलाकात की, उनको जंक फूड न खाने और मोबाइल से दूर रहने का संदेश दिया, साथ ही गत माह क्वेस्ट इवेंट में सम्मिलित बच्चों की सराहना करते हुए उनको उपहार दिए। आले अहमद एजुकेशनल सोसाइटी की चेयरपर्सन खामसा नकवी ने शिक्षा की महत्वपूर्णता बताते हुए कहा कि उनके दादा आले अहमद नकवी ने शहर अमरो. हा की बच्चियों के लिए आले अहमद स्कूल की स्थापना की, उनके पिता अफजाल अहमद शिया कालेज लखनऊ में प्रधानाचार्य थे, उन्होंने खुद राष्ट्रीय राजधानी में 35 वर्ष तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने का सही हमें शिक्षित होने के बाद ही मिलता है। इसके द्वारा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की नींव रखी जाती है। शिक्षा हमें आलोचनात्मक सोच और समस्याओं को सुलझाने का कौशल प्रदान करती है। यह हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाती है।



# वेब मिल ने 93 प्रतिशत किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। वेव शुगर मिल मलेशिया ने गन्ना भुगतान के मामले में तेजी दिखाते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। मिल द्वारा अब तक 70.63 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष कुल भुगतान 312.15 करोड़ रुपये बनता है। नियमों के अनुसार 14 दिन में देय 267.68 करोड़ रुपये की राशि में से सोमवार को 18.98 करोड़ रुपये का और भुगतान किसानों के खातों में भेजा गया। इसके साथ ही वेव शुगर मिल द्वारा 16 जनवरी 2026 तक आपूर्ति किए गए गन्ने का कुल 249.27 करोड़ रुपये भुगतान कर दिया गया है, जो कुल देय राशि का लगभग 93 प्रतिशत है। समय पर भुगतान होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष देखा जा रहा है और मिल के प्रति भरोसा भी बढ़ा है।

# हीरा इंटरनेशनल की बेटियों ने बढ़ाया मान



### इंग्लिश ओलम्पियाड में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। धनौरा। हीरा इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर अपने हुनर का लोहा मनवाया है। स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा यशिका और कक्षा 12 की छात्रा वाणी सिंह ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से कराई गई इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य भगवान शरण ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और पढ़ाई के दम पर यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है और अन्य बच्चों में भी आगे बढ़ने का उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्राओं की सफलता में स्कूल की शिक्षिका सुमन भाटिया का अहम योगदान रहा। उन्होंने बच्चों को लगातार मार्गदर्शन दिया और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता की तैयारी कराई। विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों की लगन से ही ऐसे अच्छे नतीजे सामने आते हैं। स्कूल प्रबंधन आगे भी बच्चों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का पूरा अवसर देता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी गई और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# महाकुम्भ में ड्यूटी करने वाले होमगार्ड सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। महाकुंभ मेला 2025 की ड्यूटी में तैनात रहे जनपद के होमगार्ड्स जवानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदत्त मेडल व प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. मामराज सिंह रहे। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ. वेदपाल सिंह चपराना ने बताया कि महाकुंभ मेला ड्यूटी में जनपद अमरोहा से 100 होमगार्ड्स गए थे, जबकि पूरे प्रदेश से करीब 15 हजार होमगार्ड्स की तैनाती रही। होमगार्ड्स ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को संगम में सुरक्षित और सुगम स्नान कराने में सहयोग किया। मुख्य अतिथि डॉ. मामराज सिंह ने होमगार्ड्स की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए सभी जवानों को शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस ने किया पेड़ चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। पुलिस चौकी के पास से पोपलर के पेड़ चोरी होने का मामला, जो कुछ समय पहले चर्चा में आया था, अब उसका पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। थाना पुलिस ने इस मामले में चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 37 गट्ठे पोपलर लकड़ी और वारदात में इस्तेमाल किया गया महिंद्रा छोटा हाथी वाहन बरामद किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों पुलिस चौकी क्षेत्र के पास जंगल से पोपलर के पेड़ काटकर चोरी किए जाने की घटना सामने आई थी, जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चाएं थीं और सवाल भी उठ रहे थे। इस संबंध में 7 जनवरी को मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस लगातार मामले की जांच और सुरागरसी में जुटी हुई थी।

# पंचवक्ता नमाज को बनाएं अपनी जिंदगी का हिस्सा: मुफ्ती तैयब

### मदरसा जामिया नूरिया में दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आलिमेदीन मुफ्ती तैय्यब अहमद कादरी नईमी ने फरमाया कि इबादतों में सबसे अजीम इबादत नमाज है। लिहाजा, गुमराही से बचते हुए मुसलमान पंचवक्ता नमाज को अपनी रोजाना की जिंदगी का हिस्सा बनाएं। दुनिया और आखिरत की जिंदगी को कामयाब बनाने का सिर्फ ये ही एक जरिया है।

शब-ए-बरआत की रात मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने ये सीख शहर में ईदगाह रोड पर आयोजित हुए जलसे को खिताब करते हुए लोगों को दी। दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम के संयोजन में हुए जलसा-ए-दस्तारबंदी की शुरूआत कलाम-ए-इलाही से कारी जमशेद ने की जबकि बारगाहे रिसालत में नात के नजराने कारी मोहम्मद फुरकान रजा मुरादाबादी और मौलाना सुब्हान रजा संभली ने पेश किए। मदरसे से फारिग पांच तालिबेइल्मों की दस्तारबंदी की गई। तकरीर में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने आगे फरमाया कि नमाज हर बालिग और आकिल पर फर्ज की गई है। सिर्फ दो हालत में माफ है, एक तब जब तुम्हारे जिस्म में जान ना रहे यानी तुम मर जाओ दूसरा तब जब तुम्हारी अक्ल खत्म हो जाए यानी तुम पागल हो जाओ। कहा कि अब ना आप पागल हो ना आप मर चुके हो तो इस सूरत में नमाज हर हाल में पढ़नी ही पढ़नी है। क्योंकि, नमाज हमें बेहयाई से रो. कती है, चेहरे पे नूर अता करती है, दिल को सुकून देती है, रिज्क में बरकत होती है, सेहत ठीक रहती है। नमाज से ही अल्लाह का कुर्ब भी हासिल होता है। उत्तराखंड के काशीपुर से आए अल्लामा हाशिम नूरी ने दिलों में मोहब्बत-ए-रसूल बसाने की बात लोगों से कही। वहीं, मदरसे के उस्ताद मुफ्ती नसीम मंजरी ने जामिया की 20 साल की खिदमात पर रौशनी डाली। सलात-ओ-सलाम के बाद मुल्क में अमन चैन और कौम की सलामती की दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। इस दौरान मुफ्ती अरकान अजहरी, मौलाना मोहमद अकरम आफाकी, कारी मुज्जफर, कारी फुरकान रजा, मुफ्ती अब्दुल जब्बार अमजदी, मुफ्ती नूर मोहम्मद, कारी दाऊद, हाफिज इमरान, हाफिज फैजान, इरफान, मंसूरी, रिजवान मंसूरी, आसिफ मंसूरी, शजर आलम शाही, सलीम घोसी, अतहर अंसारी, यासिर अंसारी, फिरोज कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



शाह टाइम्स

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। ससुरालियों ने जब इसकी सूचना मायके वालों को दी तो वह भी मौके पर आ गए। उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि संबंधित महिला को लेकर करीब छह माह पहले टांडा थाने में काफी हंगामा भी हुआ था। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इमरता का है। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजना निवासी गुलाब सिंह ने अपनी बेटी अंजलि का विवाह करीब दो माह पहले ग्राम इमरता निवासी बलजीत के साथ किया था। मायके वालों का कहना है कि विवाह के समय उन्होंने पर्याप्त दान-दहेज भी दिया था। गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अंजलि ने ससुराल में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटकते देखा तो होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव घर लाने के बाद ससुरालियों ने इसकी सूचना मायके वालों को दी तो कुछ देर बाद वह भी मौके पर आ गए। मायके वालों ने आते ही दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि ससुराली दहेज के लिए अंजलि को प्रताड़ित कर रहे थे। सूचना मिलने पर अजीमनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि महिला को लेकर करीब छह माह पहले टांडा थाना क्षेत्र में काफी हंगामा भी हुआ था। इसके बाद परिजनों ने उसकी शादी कर दी थी।

# द न्यू अर्बन को आपरेटिव बैंक में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन

## बैंक संबंधी समस्याओं का समय से होगा निस्तारण




शाह टाइम्स

**रामपुर।** द न्यू अर्बन को आपरेटिव बैंक में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आए उपभोक्ताओं ने बैंकिंग में आने वाली समस्याओं को उठाया। जिस पर अधिकारियों ने समय से समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। गुरुवार को बैंक के मुख्य प्रवर्तक राजेंद्र स्वरूप भटनागर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। आने वाले उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार बैंकिंग को लेकर समस्याएं आती है। कभी सर्वर की दिक्कत हो जाती है तो कभी धन निकासी में समस्या आती है। इसके अलावा अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समय पर सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों ने बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। इस मौके पर पंकज राय, विनोद कुमार गुप्ता, विपिन चंद्र जोशी, गोविंद शंकर, जुगेश चंद्र अरोरा, विपुल आनंद, गौरव पांडे, सुनील कुमार सिंह, घनश्याम सिंह पासी, कुमुद जिंदल, संजय सिंह, कपिल देव, नेहा खन्ना, निकेत सक्सेना, सुरेश कुमार और सोनू आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े प्रबंध, पीएसी रहेगी तैनात

## जिले में प्रमुख रूप से 86 स्थानों पर होता है जलाभिषेक, रठौंडा, पंजाबनगर और भमरौवा में सबसे अधिक आते हैं श्रद्धालु

शाह टाइम्स

**रामपुर।** महाशिवरात्रि पर जिले के प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। सभी शिवालयों पर पीएसी के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इस मौके पर जिले में रठौंडा, पंजाबनगर व भमरौवा समेत करीब 86 शिवालयों में जलाभिषेक होता है। जबकि 11 स्थानों पर मेला लगता है। लिहाजा एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए खाका तैयार कर लिया है। सीओ के अलावा सभी थाना प्रभारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। मेला स्थलों पर सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। छेड़छाड़ और चेन स्नेचिंग की वारदातों को रोकने के लिए शिवालयों की ओर जाने वाले रास्तों पर भी पुलिस का पहरा रहेगा। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है। जो फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का उत्सव मनाया जाता है। इसके अलावा महाशिवरात्रि को कालरात्रि भी कहा जाता है। क्योंकि, इस दिन मध्यरात्रि में भगवान शिव ने रुद्र रूप में अवतरण लिया था। प्रलय के समय शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तीसरे नेत्र की ज्वाला से समाप्त करते हैं। इस दिन व्रत रखने से तीनों लोकों के पापों से मुक्ति मिलती है। यही वजह है कि महाशिवरात्रि के मौके पर शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ता है। इस पवित्र मौके पर शिवालयों में जलाभिषेक करने का अपना खास महत्व है। श्रद्धालु ब्रजघाट और हरिद्वार से कांवड़ लाकर मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। हजारों की संख्या में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के कारण हर साल सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं।

### जिले में 86 स्थानों पर होता है जलाभिषेक

अपने जिले में इस दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। अगर जिले की बात की जाए तो रठौंडा, पंजाबनगर और भमरौवा समेत 15 महत्वपूर्ण मंदिर हैं। पुलिस रिकार्ड में करीब 86 स्थानों पर जलाभिषेक होता है और 11 स्थानों पर मेले का आयोजन होता है। इसके अलावा एक शोभायात्रा निकलती है। लिहाजा इस बार भी सुरक्षा के लिहाज से सभी सीओ और थाना प्रभारियों को अलर्ट कर दिया गया है। दो प्लाटून पीएसी के अलावा अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। पुलिस कार्यालय में तैनात 120 पुलिस कर्मियों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। शिवालयों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर छेड़खानी और चेन स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस तैनात रहेगी। मेला स्थलों पर महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगी।

> महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। दो प्लाटून पीएसी के साथ ही अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाएगी। सीओ और थाना प्रभारी खुद प्रमुख शिवालयों पर मौजूद रहेंगे।
>
> **अनुराग सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक**

# धूप निकलने के बाद भी नहीं मिल रही है ठंड से निजात

## गुरुवार को फिर ठंड ने दी दस्तक, सुबह से ठिठुरे लोग, 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर

शाह टाइम्स

**रामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से जारी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला अब थमने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मौसम में साफ बदलाव देखने को मिलेगा। बारिश भले ही रुक जाए, लेकिन इसके बाद ठंड और घने कोहरे का असर फिर बढ़ सकता है। कोहरे के चलते दृश्यता घटने की आशंका है। गुरुवार को एक बार फिर ठंड ने लोगों को ठिठुरा दिया। सुबह से हल्के कोहरे के बीच चली शीतलहर ने लोगों की कंपकपी छुड़ा दी। दिन में धूप रहने के बावजूद सुबह और शाम को तेज हवाओं के कारण मुश्किलें बढ़ गई हैं। ठंड से मजदूर, रिक्शा चालक और सुबह-शाम यात्रा करने वाले सबसे अधिक प्रभावित हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम की ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है। गुरुवार को 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर ने लोगों को ठिठुरा दिया। इस बार मौसम का मिजाज काफी अलग है। कड़ाके की ठंड ने पिछले कई साल के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। अमूमन हर साल मकर संक्रांति के बाद से ठंड का असर कम होने लगता है लेकिन इस बार हालात बिल्कुल उल्टे हैं। रह-रहकर ठंड वापस आ रही है। फरवरी का पहला सप्ताह बीतने को है लेकिन लोगों को ठंड से निजात नहीं मिल पा रही है। जब धूप निकलती है तो मौसम सुहाना हो जाता है लेकिन अगले दिन ही जिलेवासियों को फिर कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी के कारण शीतलहर का प्रकोप भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहाड़ों के मौसम का असर मैदानों में भी देखने को मिल रहा है। आए दिन होने वाली बारिश ठंड का असर कम नहीं होने दे रही है। बुधवार को धूप निकलने के बाद मौसम काफी साफ हो गया था पर गुरुवार को फिर दिन की शुरूआत ठंड के बीच हुई। हल्के कोहरे के बीच चलने वाली शीतलहर ने सभी को ठिठुरने के लिए मजबूर कर दिया। गुरुवार को शीतलहर के बीच बच्चे सिकुड़ते हुए स्कूल गए। रोजमर्रा के कामों से निकलने वालों को काफी परेशानी हुई। सुबह-शाम पड़ने वाली ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।

### 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर

गुरुवार को दिन भर गलन के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर ने लोगों को फिर ठिठुरा दिया। हवा में 66 प्रतिशत नमी दर्ज की गई। जबकि अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड की वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक भी गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। गुरुवार को एक्यूआई 216 तक पहुंच गया।

# जातिसूचक शब्द कहने जान से मारने की धमकी पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने दो युवकों पर जान से मारने की धमकी देने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। महिला ने शाहबाद महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि आरोपी तमंचे लेकर उसके घर में घुस आए थे। शिकायत के अनुसार, यह घटना 3 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे की है। प्रार्थिनी ग्राम रम्पुरा की निवासी है और उस समय वह घर में अकेली थी। तभी रामनगर निवासी नितिन यादव और रमपुरा निवासी अंकित यादव उसके घर आए और दरवाजा खटखटाया।जब महिला ने दरवाजा खोला, तो उसने देखा कि दोनों युवकों के हाथों में तमंचे थे। उन्होंने महिला के पति बब्बू के बारे में पूछा और कहा कि वे आज उसे जान से मारकर ही जाएंगे। महिला ने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया, जिसके बाद दोनों आरोपी उसे और उसके पति को जातिसूचक गालियां देने लगे और धमकी भरे शब्द कहे।महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि नितिन यादव पहले भी उसके पति के साथ मारपीट कर चुका है। उसका पति फरीदाबाद में काम करता था, जहां नितिन यादव भी काम करता था। इस घटना के बाद उसका पति डर के मारे गांव वापस आ गया है, लेकिन आरोपी उसे मोबाइल पर भी जान से मारने की धमकी देता रहता है। महिला के पति ने पहले भी शाहबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी अभी भी गांव के आसपास घूम रहे हैं और जान से मारने की फिराक में हैं। उसने कहा कि अगर गांव के लोग नहीं आते, तो दोनों आरोपी उसे जान से मार देते। महिला ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है। उसने यह भी कहा कि भविष्य में उसके या उसके पति के साथ कोई घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी नितिन यादव और अंकित यादव की होगी।

# गौशाला का ब्लॉक प्रमुख शाहबाद मुन्नी देवी ने फीता काटकर किया उद्घाटन





शाह टाइम्स

**शाहाबाद/रामपुर।** क्षेत्र के हिम्मतपुर में एक गौशाला का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने फीता काटकर गौशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया और रखरखाव की व्यवस्था जांची। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर भी मौजूद रहे उन्होंने बताया के उत्तर प्रदेश सरकार जगह-जगह गौशाला खुलवाकर गायों की सेवा करने का मौका दे रही है। इधर-उधर असहाय गाय जो भटक रही है उन सभी गायों को गौशाला में रखकर उनकी अच्छी देखरेख की जा सकती है। इसी क्रम में एक गौशाला हिम्मतपुर में भी बनी हे जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ने अपने हाथों से किया और तमाम ग्रामीण और आसपास के क्षेत्र के लोग भी वहां पर मौजूद रहे। हिम्मतपुर में गौशाला शुरू होने से आसपास के क्षेत्र को और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी जिससे जो गाय इधर-उधर घूम रही है वह सब अब गौशाला में रह सकेंगी। आपको बताते चलें गौशाला के उद्घाटन में ही बाद में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण भी किया गया जिससे जरूरतमंद लोगों को कंबल मिले और उनके चेहरे पर खुशी आई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र चौहान, हल्का लेखपाल मनोज पाल, सीवीओ रामपुर अश्विनी चतुर्वेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता, सचिब नरेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रेम सिंह, पंचायत सहायक आकिल, राजेश खुराना सदस्य गौ सेवा आयोग, उप सीवीओ शशांक नाथ आदि लोग मौजूद रहे।

# सख्ती के बाद भी हो रहा अवैध खनन, रिपोर्ट

शाह टाइम्स

**रामपुर।** प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। केमरी क्षेत्र में नदी किनारे खनन माफियाओं ने मिट्?टी निकाल ली। जानकारी होने पर लेखपाल ने निरीक्षण किया तो शिकायत सही पाई गई। जिस पर उन्होंने अज्ञात के खिलाफ केमरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जिले में अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वार-टांडा व शाहबाद क्षेत्र तो इन कारोबारियों का गढ़ बन गया है। रामगंगा व कोसी नदी की सीना छलनी करने से कारोबारी बाज नहीं आ रहे हैं। इन पर शिकंजा कसने के लिए करीब तीन माह से डीएम के आदेश पर अभियान भी चल रहा है लेकिन कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तहसील मिलक में तैनात लेखपाल हरपाल सिंह को सूचना मिली कि कुछ लोग केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम म्यूडी में नदी किनारे अवैध खनन हो रहा है। जिस पर उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो गाटा संख्या 266 से माफियाओं ने मिट्?टी गायब मिली। ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद भी माफियाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो सकी। जिस पर लेखपाल ने केमरी थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# युवती को किया चोटिल पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला चाऊपुरा में रंजिशन पिता पुत्र ने एक घर में घुसकर पथराव कर दिया जिसमें एक बालिका चोटिल हो गई पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 24 जनवरी की है। दोपहर साढ़े ग्यारह बजे मोहम्मद कमर पुत्र अमीर अहमद मकान पर मौजूद था। घर में महिलाएं थी इसी दौरान मौका पाकर पड़ोस के ही नबीजान पुत्र सल्लाह अनस पुत्र नवीजान उर्फ कलुआ गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए और अभद्र भाषा का प्रयोग महिलाओं के साथ करने लगे जिसका उसने विरोध किया तो उपरोक्त पिता पुत्रों ने गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकल कर पथराव शुरू कर दिया। जिससे मोहम्मद कमर की बेटी चोटिल हो गई हंगामा पड़ता देख पास पड़ोस के लोग घर के पास जुट गए। भीड़ बढ़ती देख दोनों पिता पुत्र जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे पर भी दर्ज हो गई है। पुलिस ने मोहम्मद कमर की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जो की इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की घटना की विवेचना की जा रही है जांच में तथ्य सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ससुराल वालो ने मार पीट कर घर से निकाला रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**रामपुर।** मसवासी दहेज लोभियो ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया व उसके पुत्र को भी छीन लिया पीड़ित युवती ने पती सास ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है नगर निवासी प्रकाश शर्मा ने अपनी पुत्री गरीमा की शादी गौर गनदूर नोएडा गौतम बुद्ध नगर निवासी सन्जीत के साथ 5,8,22, को की थी जिसमे प्रकाश 15लाख रुपए खर्च किये थे कुछ समय तक मामला ठीक ठाक रहा लेकिन कुछ समय बाद दहेज की मांग को लेकर ससुराल वाले विवाहिता को परेशान करने लगे इसी परेशानी मे युवती ने एक पुत्र को जन्म दिया पुत्र होने के बाद भी उनका व्यवहार नही बदला आये दिन दहेज की मांग को लेकर युवती से मारपीट करना आम बात हो गई ओर कहते कि जबतक तुम अपने पिता से बीस लाख रुपए नही लाकर दोगी तब तक तुम्हारे साथ ऐसा ही होता रहेगा 27दिसम्बर को ससुराल वालो ने एक राय मशवरा होकर युवती से उसके पुत्र को छीन कर उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया ओर गले से मंगल सूत्र भी खीच लिया विवाहिता ने पती सन्जीत सास रेनू ननद प्रती कुमारी गौर गनदूर नो एडा गौतम बुद्ध नगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली दुकान में घुसी, बड़ा हादसा टला



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** बुधवार रात एक गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक मकान में बनी कॉस्मेटिक की दुकान में जा घुसी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुरिया, थाना उघेंती, ज़िला बदायूं निवासी शिवम पुत्र समरपाल सिंह गन्ना भरकर शाहबाद की राणा शुगर मिल आ रहा था। शाहबाद के मोहल्ला मंगोली में ट्रैक्टर चालक शिवम को अचानक नींद आ गई। नींद आने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मंगोली निवासी बाबूराम के मकान में बनी कॉस्मेटिक की दुकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, ट्रैक्टर चालक शिवम पूरी तरह सुरक्षित रहा और किसी भी प्रकार की जानहानि नहीं हुई।

# रास्ते के विवाद को दिया दूसरा रूप

## महिला ने छेड़खानी का आरोप लगा निर्दोष को फंसाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिला द्वारा तेजाब फेकने व जाने से मारने वाली धमकी देने देने वाले आरोप के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। दूसरे पक्ष ने विवादित रास्ते को अपना प्लाट बताते हुए दस्तावेज पेश किये हैं।

नगर के गोकुलधाम कालोनी में एक पक्ष का खोखा रखा हुआ था। दूसरे पक्ष ने जहां धोखा रखा हुआ है उसे रास्ता बताने का दावा किया था। इसको लेकर 3 दिन पहले दोनों पक्षों के बीच कहा शुरू हुई थी। एक पक्ष ने महिलाओं के साथ खोखे पर बैठे हुए लोगों पर अश्लील फब्तियां कसने के साथ ही छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। साथ ही चेहरे पर तेजाब फेंके जाने का भी आरोप लगाया था। जब के दूसरे पक्ष का कहना है की वहां कोई रास्ता नहीं है। जहां खोखा रखा है वह एक प्लांट है। यह प्लाट हसीना बेगम पत्नी जहूर अहमद व सकीना बेगम पत्नी नूर अहमद निवासी मोहल्ला होलीवाला के नाम है। यह पूरा विवाद रास्ते को लेकर होना बताया जा रहा है। एक पक्ष ने अपने घरों पर पलायन करने के साथ ही इच्छा मृत्यु के पोस्टर घरों पर चश्मा कर दिये थे। पलायन करने वाले पक्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस इस मामले की जांच भी कर रही थी। लेकिन इसी दौरान लोनी के भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर कोतवाली पहुंचे थे। जिस समय विधायक नंद किशार गुर्जर कोतवाली में हिंदू मुसलमान की बात कर रहे थे। उस समय रहरा अड्डे पर ठेला लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करने वाले मुसलमानों को वहां से हटाने की मांग एक किसान संगठन से जुड़ा नेता कर रहा था। साथ ही उसका यह भी दावा था कि मुसलमान रहरा अड्डे पर टेंपो चलाते हैं उनको भी देखा जाये। इसके अलावा कई अन्य लोग भी इसी तरह की समाज को तोड़ने वाली बात कर रहे थे। इसको लेकर मुस्लिम समाज बड़े पेशों पेश में है। उनका कहना है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने 80, 85 हजार वोट इस तरह की बात करने वाले नेता के समाज के प्रत्याशी को दिये थे। इस मामले को लेकर सियासी हलचल गरमा गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रिहान को अरेस्ट कर कोर्ट में पेश कर दिया।

### पुलिस ने किया छेड़छाड़ के आरोपी का चालान



**हसनपुर**। महिला के साथ छेड़छाड़ करने वह चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देने वाले आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया। नगर के गोकुलधाम कॉलोनी निवासी महिला ने रिहान पुत्र जहीर अहमद समेत चार लोगों पर छेड़छाड़ कर अश्लील फब्तियां कसने के साथ ही चेहरे पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिहान हारून समय चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले को लेकर शहर में सियासत गरमा गई थी। लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। उसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रिहान पुत्र जहीर अहमद निवासी मोहल्ला काला शहीद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसका चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया।

# वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। निजी विद्यालय में शिक्षक मोहित कुमार की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि 02 फरवरी की रात को करीब 08:30 बजे नगर के मौहल्ला सैफीनगर निवासी मोहित कुमार पुत्र स्व.हरिओम सिंह बाइक से अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी रेलवे फ्लाई ओवर के ढ़लान के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मोहित के चाचा विरेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# डेढ़ करोड़ से होगा ललिता मंदिर का सौन्दर्यीकरण

## बंधन योजना के अर्न्तगत होगा कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बंधन योजना के तहत नगर के ललिता देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए लगभग डेढ़ करोड़ रूपये की धनराशि व्यय होगी। इस कार्य से क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी।

बता दें कि नगर के बस्ती में स्थित ललिता मंदिर बहुत प्राचीन है। यहां पर प्रतिवर्ष चैत्र के माह में पांच मंगलवारो को विशाल मेला भी लगता है जिसमें यहां पर न केवल उत्तर प्रद. ेश बल्कि उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान तक से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना को आते हैं। यहां पर बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराया जाता है और नवदंपत्ति भी अपने सुखी जीवन की कामना को लेकर यहां पर आकर मत्था टेकते हैं। इन पांच मंगलवारों को लगने वाले मेलों के अतिरिक्त भी प्रतिदिन यहां पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और मां ललिता देवी की पूजा अर्चना करते हैं। इस मंदिर की प्राचीन महत्ता को देखते हुए नगर पालिका की ओर से बंधन योजना के अर्न्तगत डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। यहां पर हॉल, टीन शेड आदि की सुविधा कराई जाएगी। ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि नगर पालिका द्वारा ललिता देवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए कार्य किया जाएगा। वहीं बुधवार को एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव, ईओ ललित कुमार आर्य व पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने ललिता देवी मंदिर का भ्रमण करके जायजा लिया।



# जेई पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

## भाकियू लोकशक्ति ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर सरकार के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सौंपा है।

संगठन के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के कथित उत्पीड़न और क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन के माध्यम से यूनियन ने आरोप लगाया कि बिजली बिल निकालने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे तुरंत बंद किया जाना चाहिये। ईशापुर शर्की क्षेत्र के बिजली विभाग के जेई पर किसानों के प्रति अभद्र व्यवहार और फोन न उठाने की शिकायत की गई है। थाना सैदनगली क्षेत्र के इलाका नंबर 3 में अवैध शराब के कारोबार और स्टार्टर चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग की गई है। भदौरा क्षेत्र में सिंचाई विभाग की पुलिया बनवाने और राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज गलसुआ में सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई गई है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि इन जनहित की समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं किया गया। तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, उस्मान चौधरी और जहीर अहमद सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।



# नेत्र चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान जचौंदा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। संस्थान का ध्येय हर जीवन को प्रकाश से आलोकित करना है। इसी कड़ी में प्रवीन दलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ आप्थमोलोजी नेत्र चिकित्सा शिक्षा मैं युवाओं को रोजगार देने एवं आत्म निर्भर बनाने में अहम संस्थान बनेगा।

इस अवसर पर साध्वी चित्रलेखा ने कहा जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। सेवा का काम बेहद चुनौतीपूर्ण लेकिन अच्छे कर्म ही मुक्ति मार्ग तक ले जाते हैं। विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र रोग समाधान का राष्ट्रीय केन्द्र बन चुका है। श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कल्याणं करोति मानव कल्याण को समर्पित संस्था है श्रीकृष्ण सबसे बड़े आप्थमोलोजिस्ट थे अर्जुन के दृष्टिदोष को उन्होंने ठीक किया। अक्षयपात्र से अनंत वीर दास ने संस्थान सचिव के संकल्प को सराहा। भुवन भूषण कमल, सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार ने कहा ब्रज की धरा पर सेवा का अवसर भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। संस्थान ब्रज वासियों की सच्ची सेवा करेगा। बाबा बलराम दास महाराज ने दानियों को साधुवाद दिया। महंत श्री सुतीक्ष्ण दास महाराज ने प्रकल्प को जन उपयोगी बताते हुए कहा युवाओं को करियर बनाने की दिशा में नया सवेरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा दानियों के सहयोग से समाज में बहुत से सेवा प्रकल्पों से सच्ची सेवा चल रही है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वामी महेशानंद अध्यक्ष कल्याणं करोति ने कहा धन बहुतों के पास होता है लेकिन सब का धन भगवान एवं भक्तों की सेवा में नहीं लगता ह। इससे पूर्व अतिथियों ने स्वस्तिवाचन के मध्य विधि विधान पूर्वक पूजन कर भवन का लोकार्पण किया। अतिथि सत्कार संस्थान महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने व कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया। मंच पर 11 बच्चों को अतिथियों ने नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए। संस्थान जनपद हर बच्चे का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर जरूरत मंद बच्चों को निशुल्क चश्मे प्रदान करने को संकल्पित है।



# कांवड़ यात्रा को प्रशासन अलर्ट

## डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट में ली पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महाशिवरात्रि पर्व और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत इंतजामों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही कांवड़ मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, जलभराव और झाड़ियों की सफाई कराने पर जोर दिया गया। डीएम ने उपजिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों को स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर कमियां दूर कराने के निर्देश दिए। शिविरों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था, खुले तार न होने और फायर सेफ्टी ऑडिट कराने को भी कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रमुख स्थानों पर एम्बुलेंस तैनात रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पीस कमेटी के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि के दौरान कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर रूट डायवर्जन लागू करने और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गारिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया सहित अन्य अधिकारी और पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।



अमरोहा। महाशिवरात्रि व कांवर यात्रा को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक लेते डीएम व एसपी।

# कार ने बाइक सवारों को रौंदा, महिला की मौत

## हादसे में दामाद व बहू गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में बाइक पर पीछे बैठी बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दामाद और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोपहर करीब तीन बजे हादसा अमरोहा-अतरासी मार्ग पर गांव कलाली के सामने हुआ। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मण वाली मंढैया में पेशे से मजदूर मंटू का परिवार रहता है। गुरुवार को क्षेत्र में ही रिश्तेदारी में कोई वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव नेमतुल्ला नगर से 55 वर्षीय सास प्रवेश देवी भी आई हुई थीं। मंटू बाइक पर पत्नी गुड्डी व सास प्रवेश देवी को लेकर वैवाहिक कार्यक्रम में गया था। तीनों वहां से घर लौट रहे थे, इसी दौरान बाइक में तेल कम होने के कारण मंटू तेल डलवाने के लिए गांव कलाली स्थित पेट्रोल पंप पर रुका था। तेल डलवाने के बाद बाइक पर सवार तीनों लोग पेट्रोल पंप से अमरोहा की तरफ मुड़ रहे थे, उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंद दिया।

# एसडीएम ने लिया कार्य का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मण्डी धनौरा की उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने नगर पालिका द्वारा कराए गए पटरी निर्माण और सड़क निर्माण के कार्य का जायजा लिया। ईओ से कार्यों के सम्बंध में जानकारी भी ली।

गुरूवार को अपरान्ह के समय गजरौला इंदिरा चौक पहुंची एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर पटरी निर्माण और मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ में दो सड़कों का निर्माण कार्य देखा। ईओ ललित कुमार आर्य से इन कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बता दें कि कुछ दिनों पहले डीएम ने भी कार्य का जायजा लिया था।

**■ पालिका द्वारा किए गए पटरी व सड़क निर्माण का कार्य देखा**



# हनीट्रैप में चौकी इंचार्ज, ग्राम प्रधान सहित चार पर एफआईआर

**मथुरा।** हनीट्रैप में चौकी इंचार्ज, ग्राम प्रधान सहित पांच के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। चौकी इंचार्ज और एक सिपाही के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। वहीं हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान, एक महिला व दोनों पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने टीम गठित की हैं। हनी ट्रैप के जरिए लाखों रुपये की उगाही के इस सनसनीखेज मामले ने पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली पर तमाम सवाल खड़े कर दिए। मामले में चौकी इंचार्ज और एक सिपाही को निलंबित किया गया है। हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर गिरफ्तारी को टीम गठित की गई हैं। जानकारी के अनुसार आगरा के जगदीशपुरा निवासी जगदीश सिंह की जमीन रेल विकास निगम द्वारा अधिग्रि. हत की गई थी। जमीन से उसे मुआवजा मिला था। आरोप है कि महिला सपना उर्फ राजवाला और उसके साथी श्याम जाट ने ओल निवासी हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान खूबीराम के साथ मिलकर हनी ट्रैप तैयार किया। पीड़ित के अनुसार, ग्राम प्रधान खूबी ने साजिश के तहत किराये पर कमरा लिया और पीड़ित को वहां बुलवाया और कमरे में महिला के साथ उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। बाद में वे उसे ब्लैकमेल करने लगे। इसके बाद हनी ट्रैप के खेल में पुलिस की एंट्री कराई गई। 31 जनवरी को सपना के फोन पर पीड़ित ओल पहुंचा। वह मकान के ऊपरी मंजिल पर गया, कुछ देर बाद ग्राम प्रधान पुलिस चौकी ओल से दो पुलिसकर्मियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचा। पीड़ित को जबरन चौकी ले जाया गया। पुलिस ने उसे शाम तक चौकी में बिठाकर रखा। पुलिसकर्मियों ने उसे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की डील तय कर ली। डरकर पीड़ित ने मौके पर ही एक लाख रुपए दे भी दिए। उसकी कार चौकी में खड़ी करा ली।

**थाना** फरह में एक व्यक्ति द्वारा यह जानकारी दी गई कि उसके द्वारा कुछ अपनी जमीन बेची गई थी और उसके पास कुछ पैसे भी आये थे। उन पैसों को लेने के लिए एक हनीट्रैप का षड्यंत्र रचा गया। ओल चौकी क्षेत्र का एक हिस्ट्रीशीटर जो कि ग्राम प्रधान भी है, के द्वारा पूरी प्लानिंग की गई। उस व्यक्ति को एक महिला के साथ कमरे में बिठा कर वीडियो बना लिया गया। चौकी इंचार्ज और एक कांस्बेल मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को पकड़ कर ले गये और उसे चौकी पर बैठाया भी गया। उसकी गाडी को उस ग्राम प्रधान के यहां रखवाली दी गई। प्रकरण की जानकारी होते ही जांच के बाद मुकदमा पंजीकृत किया गया है, महिला, हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान, चौकी इंचार्ज, एक अज्ञात कांस्टेबल जो साथ गया था, इन सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है। टीमें लगा दी गई हैं इन सभी को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इनके खिलाफ विभागयी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

# संस्कृति में हुई बाक्स क्रिकेट लीग व पतंग महोत्सव



**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय में बॉक्स क्रिकेट की संस्कृति प्रिमीयर लीग 2026 और पतंग महोत्सव के दौरान पूरा परिसर विद्यार्थियों के शोर-शराबे और उत्साह से भरी किलकारियों से गूंजता रहा। अतिथियों और विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि उड़ो तो आकाश को छूलो, खेलो तो छक्कों की बारिश कर दो। सुबह से ही क्रिकेट के मैदान पर बाक्स क्रिकेट के लिए नीलगिरी, विंध्यांचल, अरावली, शिवालिक हाउस की टीमें अपनी पूरी तैयारियों के साथ पहुंच गईं और उधर मुख्य मैदान पर चारों तरफ रंग बिरंगी पतंगें नजर आने लगीं। आयोजनों का शुभारंभ करते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने बच्चों में जोश भरते हुए कहा कि लक्ष्य जीतने का होना चाहिए लेकिन हार को भी स्वीकारने में नहीं हिचकना चाहिए। हार हमें सबक देती है अच्छा करने का और फिर खेलकर जीतने का। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप पढ़ाई में निरंतर कठिनाइयों को चुनौतियों को हराकर जीतते हैं उसी तरह का जज्बा खेल में भी बनाएं। संस्कृति विवि के कुल. पति प्रो. एमबी चेट्टी ने कहा कि आपको पतंग की तरह से उड़कर ऊंचाईयों को छूना है और आकाश में छा जाना है। आज का दिन खेलने का है और खेलों में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का है। पूरा मन लगाकर खेलें। इस मौके पर संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डा. रघुराम भट्ट ने सभी खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, डाइरेक्टर जनरल विवेक अग्रवाल, कैम्प्स के निद. ेशक डा. रजनीश त्यागी ने विद्यार्थियों से जोशीले नारे लगवाकर वातारवरण में उत्साह भर दिया। इससे पूर्व स्वागत समिति की डा. दुर्गेश वाधवा, डा. गरिमा गोस्वामी और शुभ्रा पांडे ने सभी अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर सम्मान किया। संस्कृति एफएम के आरजे जय ने अपनी अद्भुत संचालन क्षमता से माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान पहुंचीं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एश्वार्या कौशिक ने इस आयोजन में विशेष आकर्षण का काम किया। उन्होंने बच्चों से खूब राधे-राधे के जयकारे लगवाए और विद्यार्थियों के साथ पतंग भी उड़ाई। उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए छात्र-छात्राओं में होड़ लग गई। संस्कृति एफएम पर हुई बातचीत में एश्वर्या ने कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय आकर बहुत अच्छा लगा। यहां के वातावरण में संस्कृति की गाथा और संस्कार की खुशबू है। उन्होंने बताया कि राधा की भक्ति और उसका प्रचार उनका परम उद्देश्य है।

# यमुना प्रदूषण को कांग्रेस बनाएगी मुद्दा

**मथुरा।** यमुना प्रदूषण को कांग्रेस मुद्दा बनाएगी। यमुना प्रदूषण की भयावह स्थिति को सामने लाने और मुद्दा बना कर जनता के बीच जाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारी में जुट गये हैं। इस मुद्दे पर महानगर कांग्रेस बडी तैयारी कर रही है।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दर अपने कार्यकर्ताओं के साथ मसानी नाले पर स्थित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो हालात सामने आए, वे न केवल चिंताजनक बल्कि मानवता और आस्था दोनों को झकझोर देने वाले हैं। एसटीपी प्लांट पूरी तरह जरजर और बदहाल अवस्था में पाया गया है। प्लांट का संचालन लगभग ठप है, जिसके कारण मसानी नाले की समस्त गंदगी बिना किसी शोधन के सीधे यमुना जी में प्रवाहित हो रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यह प्लांट केवल कागजों में चलता दिखाई दे रहा है। उन्होंने विज्ञापित जारी कर कहा है कि निरीक्षण के दौरान एक और अत्यंत भयावह व शर्मनाक दृश्य सामने आया। नाले और एसटीपी परिसर के आसपास करीब पांच से सात मृत पशु पड़े हुए मिले, जिनकी तस्वीरें व वीडियो मौके पर रिकॉर्ड किए गए हैं। यह भी आशंका जताई गई कि नाले के भीतर, आगे पीछे तथा गहराई में और भी कई मृत जानवर दबे या बहकर गए होंगे, जिनका कोई लेखा जोखा तक नहीं है। यह स्थिति गंभीर प्रदूषण के साथ साथ जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा लिए गए फोटोग्राफ व वीडियो साक्ष्य साफ दर्शाते हैं कि नगर निगम, शासन और प्रशासन किस तरह आंखें मूंदकर यमुना को मौत का नाला बनाने में लगे हुए हैं। यतेंद्र मुकद्दम ने बताया कि यह पूरी स्थिति भाजपा की असंवेदनशील और यमुना विरोधी मानसिकता को उजागर करती है। एक ओर भाजपा धार्मिक आस्था का ढोंग करती है, दूसरी ओर उनकी सरकार और नगर निगम की लापरवाही से यमुना में जहर और लाशें तक पहुंच रही हैं। यह करोड़ों यमुना भक्तों की भावनाओं का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि यमुना प्रदूषण, मृत पशुओं की दुर्दशा और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ के लिए भाजपा शासित नगर निगम, नगर निगम के महापौर और संबंधित अधिकारी पूरी तरह जिम्मेदार हैं। यदि शीघ्र ही एसटीपी को दुरुस्त कर नालों की गंदगी रोकने और मृत पशुओं के समुचित निस्तारण की व्यवस्था नहीं की गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत के साथ मैच नहीं खेलेगा पाक

### पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा : फैसला सोच समझकर व बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखते हुए लिया



**कराची, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ नहीं लेगा, और कहा कि यह फैसला बांग्लादेश के साथ बहुत सोच-समझकर और एकता में लिया गया है।

एक फेडरल कैबिनेट मीटिंग को एड्रेस करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स को पॉलिटिकल असर से दूर रहना चाहिए, साथ ही 20-टीम के टूर्नामेंट पर पाकिस्तान का स्टैंड भी बताया। जियो न्यूज के अनुसार शहबाज शरीफ ने कहा कि स्पोर्ट्स के फील्ड में पॉलिटिक्स की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, और कहा कि इंडिया के खिलाफ टी-20 मैच का बॉयकॉट करने के मामले में पाकिस्तान को बांग्लादेश के साथ खड़ा होना चाहिए। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद पाकिस्तान ने प्रोटेस्ट के तौर पर 15 फरवरी को अपने कट्टर दुश्मन इंडिया के खिलाफ होने वाले मैच का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। आईसीसी ने यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की उस रिक्वेस्ट को ठुकराने के बाद लिया, जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट के 7 फरवरी से शुरू होने के इतने करीब लॉजिस्टिक दिक्कतों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत के बाहर किसी जगह पर शिफ्ट करने की रिक्वेस्ट की थी।

इसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, और आईसीसी ने कहा कि इतनी देर से शेड्यूल में बदलाव करना मुमकिन नहीं है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के फैसले पर कई वजहों का असर था, जिसमें उन्होंने आईसीसी का बांग्लादेश के प्रति पक्षपाती रवैया भी बताया। जियो न्यूज के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान टीम को विरोध के तौर पर भारत के खिलाफ मैदान में न उतरने का निर्देश दिया गया था। जवाब में, आईसीसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आपसी सहमति वाले समाधान की दिशा में काम करेगा। राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को मानते हुए, आईसीसी ने पीसीबी से अपने रुख पर फिर से सोचने की अपील की, और चेतावनी दी कि इस बायकॉट से खेल और इसके ग्लोबल फैनबेस को नुकसान होगा। काउंसिल ने कहा कि यह फैसला ग्लोबल खेल या दुनिया भर के फैंस, जिसमें पाकिस्तान के लाखों लोग भी शामिल हैं, की भलाई के लिए नहीं है, और सभी स्टेकहोल्डर्स के हितों की रक्षा के लिए लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया। इस बीच, पाकिस्तान की नेशनल टीम अभी आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका के कोलंबो में है, जिसे 7 फरवरी से 8 मार्च तक श्रीलंका और भारत मिलकर होस्ट करेंगे।

# भारत को पाक के खिलाफ खेलने में कोई परेशानी नहीं: सूर्यकुमार यादव

**● कहा: हम आईसीसी के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे, कोई भी अनिश्चितता पाक के फैसले पर निर्भर करती है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैच को लेकर कोई भी अनिश्चितता पाकिस्तान के फैसले पर निर्भर करती है।

मुंबई में कैप्टन डे प्रेस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि हमारी सोच बहुत स्पष्ट है। हमने खेलने से मना नहीं किया, उन्होंने मना किया। आईसीसी ने मैच की तारीखें घोषित कर दी हैं, हमारी फ्लाइट बुक हो गई हैं, और हम जा रहे हैं। बाकी हम वहां पहुंचने के बाद देखेंगे। भारतीय कप्तान ने इस बात पर बल दिया कि टीम को 15 फरवरी को होने वाले मैच के बारे में आधिकारिक तौर पर बता दिया गया है और उसी के हिंसाब से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके फैसले पर मेरा नियंत्रण नहीं है। हमें 15 तारीख को मैच खेलने के लिए कहा गया है। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि भारत ने तटस्थ जगहों पर पाकिस्तान का कई बार सामना किया है। उन्होंने कहा कि हमने एशिया कप के दौरान एक तटस्थ जगह पर उनसे तीन बार खेला। अगर हमें कोलंबो में खेलने का एक और मौका मिलता है तो हम फिर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा फैसला नहीं है। यह आसान काम नहीं है, वे जरूर इस पर काम कर रहे होंगे। क्योंकि यह सरकार की ओर से आया है, इसलिए यह एक मुश्किल स्थिति है जिससे निपटना है।

## आयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी के 'पावर' को सराहा



**हरारे, वार्ता।** भारत के अंडर-19 कप्तान आयुष म्हात्रे ने युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की, जिनकी विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सात विकेट से जीत हासिल कर आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अब तक के सबसे बड़े टोटल का पीछा करते हुए, भारत ने टॉप ऑर्डर से शानदार शुरुआत की, जिसमें 14 साल के वैभव ने सिर्फ 33 गेंदों में तेज 68 रन बनाकर लय तय की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार छक्के और पांच चौके लगाए, टूर्नामेंट में अपना तीसरा अर्द्धशतक बनाया और पावरप्ले के अंदर ही अफगान गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जबकि ओपनिग पार्टनर एरन जॉर्ज ने 115 रनों की शांत पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, म्हात्रे ने पारी की शुरुआत में दबाव कम करने में वैभव के प्रभाव पर जोर दिया। म्हात्रे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि 10 ओवर के बाद हमारे पास 90 रन थे और यह हमारे लिए शानदार था।उसने बस दबाव कम किया, और हम बस पारी को आगे बढ़ाना चाहते थे। इसलिए हमारे लिए भी पारी को आगे बढ़ाना बहुत आसान हो गया। भारत ने पहले 10 ओवर में 90 रन बना लिए, जिसके बाद म्हात्रे (62) और जॉर्ज ने मिलकर एक स्थिर शतकीय साझेदारी की और लक्ष्य का पीछा करने को स्थिर किया। फिर विहान मल्होत्रा ने नाबाद 38 रन बनाकर एक आसान फिनिश सुनिश्चित किया, क्योंकि भारत ने आठ से अधिक ओवर शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। शानदार शुरुआत के बाद बल्लेबाजी के तरीके के बारे में बताते हुए, म्हात्रे ने कहा कि योजना चीजों को सरल रखने की थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुंबई को बड़ा झटका सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, वार्ता।** र्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई को बड़ा झटका लगा, क्योंकि मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए और वह अहम नॉकआउट मैच नहीं खेल पाएंगे। सरफराज को बुधवार को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम सूत्रों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है लेकिन ठीक होने में कुछ दिन लगने की उम्मीद है, जिससे क्वार्टर फाइनल के लिए उनके उपलब्ध होने की संभावना बहुत कम है। 28 साल के सरफराज इस रणजी सीजन में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने मिडिल ऑर्डर में खूब रन बनाए और बैटिंग लाइनअप को स्थिरता दी। उनकी गैरमौजूदगी से कर्नाटक की मजबूत टीम के खिलाफ मुंबई की बैटिंग कमजोर होने की उम्मीद है।

### ओमान ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से रौंदा

**कोलंबो, वार्ता।** सुफियान महमूद (तीन विकेट) के बाद जतिंदर सिंह (55), हम्माद मिर्जा (35) और जितेन रामानंदी (नाबाद 34) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ओमान ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में चार गेंदें शेष रहते जिम्बाब्वे को चार विकेट से हरा दिया। यहां ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (56) और ताशिगा मुसेकिवा (नाबाद 54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 187 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ब्रेंडन टेलर और डिओन मेयर्स ने 26-26 रनों का योगदान दिया। ब्रैड एवंस 11 रन बनाकर आउट हुए। ओमान की ओर से सुफियान महमूद ने तीन विकेट लिए।

# भारत अंडर-19 की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर

**● अंडर-19 में भारत का मुकाबला आज इंग्लैंड से होगा**



**हरारे, वार्ता।** शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का फाइनल एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है, जिसमें भारत अंडर-19 का मुकाबला इंग्लैंड अंडर-19 से होगा, जिसने पहले ही दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। ऑनलाइन वायरल हो रही कहानी साफ है: भारत का रिकॉर्ड तोड़ सेमीफाइनल प्रदर्शन बनाम इंग्लैंड का अजेय अभियान, जिसमें हरारे की धीमी, स्पिन के अनुकूल पिच यह तय करेगी कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी कौन उठाएगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर होंगी। भारत अंडर-19 सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 41.1 ओवर में रिकॉर्ड 311 रन का पीछा करने के बाद आत्मविश्वास की लहर पर फाइनल में पहुंचा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने छह मैचों में 148 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं, और भारत को मजबूत शुरुआत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और आयुष म्हात्रे, विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ, स्थिरता और आक्रामक बल्लेबाजी प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की बल्लेबाजी में उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने की गहराई है। हरारे की टर्निंग ट्रैक पर भारत का स्पिन आक्रमण उनका तुरुप का इक्का है। हेनिल पटेल 4-19 की इकॉनमी से 11 विकेट लेकर गेंदबाजी लाइनअप का नेतृत्व करते हैं, जिन्हें आरएस अंबरीश और खिलन पटेल का समर्थन प्राप्त है। स्पिन ऑलराउंडरों के शामिल होने से यह सुनिश्चित होता है कि भारत के पास कई आक्रामक विकल्प हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों की किसी भी गलती का फायदा उठाने में सक्षम हैं। विश्लेषकों का मानना है कि धीमी, सूखी परिस्थितियां फाइनल में स्पिन को निर्णायक कारक बना सकती हैं। इस बीच, इंग्लैंड अंडर-19 टूर्नामेंट में सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जो फाइनल में अजेय रहते हुए पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर उनकी सेमीफाइनल जीत, जिसका नेतृत्व थॉमस रेव के 110 और बेन मेयस की शानदार रन-स्कोरिग ने किया, उनके लचीलेपन को रेखांकित करता है। तेज गेंदबाज मैनी लुम्सडेन, राल्फी अल्बर्ट और सेबेस्टियन मॉर्गन ने पैठ बनाई है, जिससे इंग्लैंड को एक अच्छी तरह से संतुलित आक्रमण मिला है जो भारत के शीर्ष क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने की भविष्यवाणी की गई है, दोनों कप्तान जानते होंगे कि पहली पारी में लगभग 260-280 का स्कोर प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। भारत का हालिया रिकॉर्ड पीछा करने का प्रदर्शन दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को दर्शाता है, जबकि इंग्लैंड की अजेय लय मैचों में उच्च प्रदर्शन बनाए रखने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

# ओलंपिक मशाल वाहक के रूप में सम्मानित हुए ब्रिंदा



**● अभिनव ब्रिंदा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया, और इस पल को एकता और मानवीय भावना का उत्सव बताया। बिंद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मिलानो कोर्टिना 2026 में ओलंपिक लौ ले जाने का सम्मान मिला।

यह एकता, दृढ़ता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है। बिंद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक के रूप में चुना गया था। 25वें शीतकालीन ओलंपिक आधिकारिक तौर पर शुक्रवार को शुरू होंगे। पहले पदक शनिवार को दिए जाने हैं, जबकि खेल 22 फरवरी को वेरोना ओलंपिक एरिना में समापन समारोह के साथ समाप्त होंगे। मिलानो कोर्टिना 2026 चौथी बार होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा।

इस आयोजन में 16 खेलों में 116 पदक कार्यक्रम होंगे, जो बीजिंग 2022 संस्करण की तुलना में सात कार्यक्रम और एक खेल का विस्तार है। मुख्य समारोह मिलान के प्रतिष्ठित सैन सिरो स्टेडियम में होगा, जो फुटबॉल क्लब एसी मिलान और इंटर मिलान का घर है, जिसमें प्रेडाजो, लिविग्नो और कोर्टिना डी' एम्पेजो में अतिरिक्त समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह प्रारूप एथलीट प्रतिनिधिमंडलों को अपने संबंधित प्रतियोगिता स्थलों के करीब परेड करने की अनुमति देगा। उद्घाटन समारोह में प्रमुख इतालवी और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के प्रदर्शन शामिल होंगे, जिसमें अमेरिकी पॉप स्टार मारिया कैरी भी शामिल हैं, जो खेलों के लॉन्च में एक प्रमुख मनोरंजन आयाम जोड़ेंगे। शीतकालीन ओलंपिक दो मुख्य शहरों में फैले होंगे।

## भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में उज्बेकिस्तान से मामूली अंतर से पीछे रहते हुए रजत पदक जीता। आज यहां भारतीय जोड़ी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में फाइनल में 479-6 अंक हासिल किए, जबकि उज्बेकिस्तान की निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालव ने 481-3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पहले दो सीरीज के आखिर में सम्राट और सुरुचि आगे थे, लेकिन उज्बेक खिलाड़ियों की लेट रैली ने उन्हें पीछे कर दिया। चीनी ताइपे के चेंग एन-चिग और हसिंह हसिआंग-चेन ने 412-2 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने 583 अंक के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दूसरी भारतीय टीम, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और श्रवण कुमार शामिल थे, 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही। आज मिली इस जीत के साथ स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

# सुजीत ने जागरेब ओपन में जीता सोना

**● क्रोएशिया में कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कलकल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पेमैन अली को हराया**



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा में स्वर्ण, अमन सहरावत ने 61 किग्रा रजत और अभिमन्यु ने 70 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते।

बुधवार को क्रोएशिया में जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पहलवान पेमैन अली नेमाती को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलोग्राम कैटेगरी में रजत जीता, जबकि अभिमन्यु को 70 किलोग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत 65 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार रहे और बिना कोई अंक गंवाए खिताब जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में ईरान के पेमैन अली नेमाती को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला खत्म किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खमजात अरसामरजोएव को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर हराया और फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराया। इस बीच, नॉर्डिक सिस्टम के जरिए अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन में अपने करियर का तीसरा पदक जीता। ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय अमन ने ईरान के रेजा हुसैन मोमेनिजोउजादेह (12-2) और जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाश्विली (10-0) को हराया और फिलिस्तीन के अली अबुरमैला से वॉकओवर मिला। अमेरिका के ऑस्टिन डेसैंटो से 8-0 की हार का मतलब था कि भारतीय पहलवान दूसरे स्थान पर रहा। 70 किलोग्राम भार वर्ग में, अभिमन्यु ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराकर शानदार शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के सीना खलीली से 10-0 से हार गए।

### नेपाल ने कनाडा को छह विकेट से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** आसिफ शेख (58) और संदीप जोरा (44) की शानदार पारियों की बदौलत नेपाल ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गए अभ्यास मैच में कनाडा को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यहां टॉस जीतकर कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 161 का स्कोर बनाया। नवनीत ने 36 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 41 रनों की पारी खेली। कंवरपाल (25), कीरटॉ (10), हर्ष (आठ) और जसकरण (21) रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली। नेपाल के लिए संदीप लैमिछाने और कुशल भुर्तेल ने दो-दो विकेट लिए। सोमपाल कामी और नंदन यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने 18 ओवर में 162 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

# विनेश फोगाट ने चयन मानदंडों की आलोचना की



**● भारतीय पहलवान विनेश ने हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों को पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों की आलोचना करते हुए इसे अनुचित और युवा और उभरते पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया। एक्स पर एक तीखे पोस्ट में, विनेश ने केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों तक ट्रायल सीमित करने के फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि यह उन हजारों योग्य एथलीटों को बाहर करता है जिन्होंने सालों तक ट्रेनिग ली है। विनेश ने लिखा कि केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और उन पहलवानों को ट्रायल का मौका देना जिन्होंने 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया, हजारों मेहनती पहलवानों के साथ धोखा है। कई तीखे सवाल उठाते हुए, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की पदक विजेता ने पूछा कि क्या 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेता अचानक अयोग्य हो गए हैं, क्या सब जूनियर राष्ट्रीय पदकों का कोई मूल्य नहीं रह गया है, और क्या घायल खिलाड़ियों को उन परिस्थितियों के लिए दंडित किया जा रहा है जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई पहलवान जो उम्र की पाबंदी के कारण 2025 सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके, वे 2026 में पूरी तरह से योग्य हैं, फिर भी उन्हें अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। विनेश ने चेतावनी दी कि ऐसी चयन नीतियों के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं, खासकर ऐसे साल में जिसमें एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में खेलना और देश के लिए पदक लाना हर खिलाड़ी का सपना होता है। लेकिन इन नियमों के कारण, आप उन्हें अभी ही बाहर कर रहे हैं और व्यावहारिक रूप से उनके भविष्य पर स्थाई रोक लगा रहे हैं,ऽ उन्होंने इस स्थिति को ष्खिलाड़ियों के जीवन और संघर्षों का खुला मजाक बताया। पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने राज्य स्तर पर भी निष्पक्ष ट्रायल की कमी पर चिंता व्यक्त की, और तर्क दिया कि यह माहौल नई प्रतिभाओं के उभरने को असंभव बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर निष्पक्ष चयन की जरूरत है, तो ओपन ट्रायल होने चाहिए। प्रतिभा की पहचान मैट पर होती है, और किसी खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका न देना बहुत बड़ा धोखा है। सीधे राज्य नेतृत्व से अपील करते हुए, विनेश ने सीएम से हस्तक्षेप करने और राज्य के पहलवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## चयनकर्ताओं को सुंदर पर सीओई के फीडबैक का इंतजार

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय चयन समिति वाशिंगटन सुंदर का इंतजार करने के लिए तैयार दिख रही है। टी 20 वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं और अजीत अगरकर एंड कंपनी अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की तलाश में है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पता चला है कि चयनकर्ता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से और जानकारी मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गुरुवार (5 फरवरी) तक सुंदर टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा लग रहे हैं। 26 साल का ऑलराउंडर, जो पिछले महीने लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहा है, बुधवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच में टीम से गायब था। क्रिकबज को पता चला है कि सुंदर को फिटनेस हासिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता कब तक इंतजार करेंगे, यह साफ नहीं है, लेकिन अभी वे तमिलनाडु के ऑलराउंडर को बदलने की जल्दी में नहीं हैं। जाहिर है, अंतिम फैसला सीओई के ट्रेनर और फिजियो की सलाह पर निर्भर करेगा और ऐसा लगता है कि उन्होंने अभी तक सुंदर के इस बड़े इवेंट के लिए तैयार होने की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

# रोनाल्डो ब्राजील के विश्व कप जीतने की संभावनाओं को लेकर आशावादी



**● पांच बार की विश्व विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना व रियल मैड्रिड स्टार ने कहा कि यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राजीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की सुरक्षा

गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने सदन में पीएम की सुरक्षा को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ लोकसभा में बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए बुधवार की शाम पांच बजे होने वाली पीएम मोदी की स्पीच टालनी पड़ी। उनके अनुसार पीएम सदन में मौजूद थे, उन्होंने ही उन्हें न आने का आग्रह किया था। गुरुवार को पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले जरूर, लेकिन हंगामा बढ़ता देख उनका भाषण पूरा नहीं हो सका। लोकसभा स्पीकर का यह भी कहना था कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में जो हुआ वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ओम बिडला का यह भी कहना था कि जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद पीएम की सीट के पास पहुंच गए थे, विपक्ष की कई महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची। यह बिल्कुल संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। गुरुवार को पीएम मोदी के भाषण के समय लोकसभा स्पीकर ने पहली बार 65 सेकेंड में, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्षी मांग कर रहे थे कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात नहीं रखने दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। इस तरह बजट सत्र के सातवें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया और 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव पीएम के भाषण के बिना पास हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी सदन में यह कहने से नहीं चूके कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन उनकी विकास यात्रा को नहीं रोक सकता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। पीएम मोदी का कहना था कि देश का हर व्यक्ति महसूस कर रहा है कि अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि आज विकसित देश भारत के साथ ट्रेड समझौते कर रहा है। यह काम भारत अपनी शर्तों पर कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब वह 2014 में आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था में विश्व पर छठें नंबर पर था। आज तीसरे नंबर पर आने को आतुर है। अच्छा होता कि सदन में चर्चा के लिए वातावरण बनाया गया होता। अगर सरकार सच में इतनी आवश्वस्त है और उसके फैसले भारत के पूरी तरह हित में हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, तो यह तो और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार इस सच को देश के सामने रखे। इससे सरकार को ही लाभ होगा और बिना वजह का संदेह भी समाप्त होगा, लेकिन हो इसके उलट रहा है। सरकार भी नहीं चाहती कि सदन के भीतर कोई स्वस्थ चर्चा हो।

## सरकार और किसान एआई पर काम कर रहे



डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिये किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उप्र इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# आर्थिक लाभ या जोखिम





रजनीश कपूर

केंद्रीय बजट के बाद जिस तरह से सोने-चांदी में भारी गिरावट दिखाई दी, उससे निवेशक अभी संभले ही नहीं थे कि हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने वैश्विक व्यापार जगत को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को शून्य करने और रूसी तेल खरीद कम करने का वादा किया है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित परिणाम ला सकता है, जहां निर्यात को बढ़ावा मिलेगा लेकिन कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि के क्षेत्र में चुनौतियां अवश्य सामने आएंगी।

माना जाता है कि यह समझौता जुलाई 2025 से चले टैरिफ युद्ध का परिणाम है, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाया था। इस समझौते के बाद अब कुल प्रभावी टैरिफ 18 प्रतिशत रहेगा, जो वियतनाम (20 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) से बेहतर है। समझौते के दावों के अनुसार भारत ने अमेरिकी ऊर्जा, रक्षा, कृषि उत्पादों पर 500 अरब डॉलर की खरीद का वचन दिया है, जिसमें पेट्रोलियम, डेयरी और नट्स शामिल हैं। हालांकि, पूर्ण विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, केवल सोशल मीडिया पोस्ट और अधिकारियों के बयानों पर ही तमाम खब्बरें और विश्लेषण आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा अवश्य दे सकता है। खासकर वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पादों में। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अमेरिकी बाजार में प्रवेश से भारत की जीडीपी में 0.6 प्रतिशत वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। सीईए वी। अनंता नागेश्वरन के अनुसार यह समझौता निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और रुपये को स्थिर भी कर सकेगा। हालांकि, अमेरिकी आयात बढ़ने से व्यापार अधिशेष कम हो सकता है और ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है क्योंकि रूसी तेल सस्ता था। कुल मिलाकर, लघु अवधि में सकारात्मक लेकिन दीर्घकालिक असंतुलन का खतरा हो सकता है। फिलहाल सरकार ने इस समझौते को लेकर किसी भी तरह की औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की, जिससे सवाल उठे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, जबकि पीएम मोदी ने केवल धन्यवाद दिया। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील रियायतें, जैसे कि कृषि बाजार खोलना, छिपाई जा रही हैं ताकि किसान आंदोलन न भड़के। यह पारदर्शिता की कमी राष्ट्रीय हितों पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि व्यापार संधियों में आमतौर पर पूर्ण खुला. सा किया जाता है। जानकारों के अनुसार, यह रणनीतिक गोपनीयता लगती है लेकिन वहीं ए लो. कतांत्रिक जवाबदेही को कमजोर करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'सरेंडर 2.0' कहा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार दबाव में झुकी और किसानों के हित बेचे। उन्होंने संसद में चर्चा रोकने का आरोप लगाया, जबकि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर हंगामा करने का इल्जाम लगाया। विपक्ष का मुख्य मुद्दा असमानता है। अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ रखे, भारत शून्य दे। यह साफ तौर पर 'ट्रंप-निरभरता' है। राजनी. तिक रूप से देखा जाए तो यह मौजूदा बजट सत्र में सरकार को घेरने का हथियार है, लेकिन मूल चिंता कृषि और ऊर्जा सुरक्षा की है।

जानकार मानते हैं कि इस समझौते के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। 2025 में 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत के निर्यात में गिरावट आई। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर से अक्टूबर में 6.30 अरब। ट्रंप की 'आर्थिक ब्लैकमेल' नीति ने रूसी तेल खरीद को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारी कीमत चुकाने को तैयार' कहा था। सेवानिवृत अफसरों ने सलाह दी कि बुरा समझौता न करें। यह दबाव रणनीतिक था, चीन के विकल्प के रूप में भारत को मजबूत करना तो ठीक था, लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल भी उठने लगे। अगर शर्तें एकतरफा हों तो समझौता न करना ही बेहतर था। वहीं इस समझौते को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, निर्यात 64 प्रतिशत बढ़ सकता है, लेकिन अगर समझौता विफल होता है तो जीडीपी पर 0.7 प्रतिशत नुकसान संभव है।

आशावादी अर्थशास्त्रियों का मानना है किजीडीपी 7.4 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। लेकिन वजाहत हबीब जैसे विशेषज्ञ असमानता पर सवाल उठाते हैं- 0 बनाम 18 प्रतिशत टैरिफ, किस दृष्टि से सही है? एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि डेयरी को 1.03 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विनिर्माण को फायदा लेकिन कृषि को खतरा संभव है इसलिए संतुलित सुधार जरूरी हैं। गौरतलब है कि भारत जैसे देश में कृषि क्षेत्र सबसे संवेदनशील है। समझौते के मुताबिक अमेरिका बादाम, सोयाबीन तेल, कपास और डेयरी निर्यात बढ़ाएगा। डेयरी में, वर्तमान 60 प्रतिशत टैरिफ कम होने से कीमतें 15 प्रतिशत गिर सकती हैं, जिससे किसानों को 1.03 लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो सकता है। आयात 25 मिलियन टन बढ़ सकता है, 1-2 गाय वाले छोटे किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अमूल जैसे कोऑपरेटिव भी प्रभावित होंगे। पूर्व व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किसान का विरा. ेध भड़क सकता है। वहीं सकारात्मक पक्ष इस बात का दावा भी कर रहे हैं कि प्रोसेस्ड एग्री निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में संरक्षण जरूरी है। यह आम नागरिकों की आजीविका को जोखिम में डालता सकता है, जहां 80 प्रतिशत कृषि छोटे किसानों पर निर्भर। भू-रणनीतिक की दृष्टि से यह समझौता जरूरी था, क्योंकि चीन के मुकाबले भारत को मजबूत करना, एक अच्छी रणनीति अवश्य है लेकिन यह आर्थिक रूप से असंतुलित है। एक ओर टेक्सटाइल और फार्मा आदि क्षेत्रों में निर्यात अवश्य बढ़ेगा, लेकिन 'बाय अमेरिकन' की नीति से घरेलू उद्योग अवश्य दब सकते हैं। कृषि में अमेरिकी सब्सिडी उत्पाद सस्ते आयात से ग्रामीण संकट बढ़ा सकते हैं। ऐसे में पारदर्शिता की कमी जनता के बीच विश्वास घटाती है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह अवसर अवश्य हो सकता है लेकिन ध्यान रहे कि देश की आर्थिक नीति की सुरक्षा के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी, कोई भी देश सर्वोच्च नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितना सेहतमंद है बोतलबंद पानी

**स्पष्ट है कि शुद्ध और स्वच्छ जल के नाम पर बिकने वाला बोतलबंद पानी लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल के निर्माण के दौरान होने वाली अतिरिक्त जल की बर्बादी से भूजल स्तर में कमी हो रही है। पेयजल का कोई सुरक्षित विकल्प खोजना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।**



भारत में पानी की गुणवत्ता का हमारे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। यदि पेय जल प्रदूषित हो तो यह जहर के समान हो जाता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि ज्यादातर जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। समूचा विश्व जल संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाना अपने आप में एक चुनौती हो गई है।

कुछ सालों पहले से बोतलबंद पानी दुनिया भर के बाजारों में बिकना शुरू हुआ। जिसे कंपनियों ने यह कहकर बेचना शुरू किया था कि यह स्वच्छ, शुद्ध और खनिज युक्त है। जिसे वास्तविकता मान कर लोग इसे धड़ल्ले से खरीदने लगे हैं, पर क्या वास्तव में बोतलबंद पानी खनिज युक्त होता है और क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है? पहले तो यह स्पष्ट करते चलें कि बाजार में बिकने वाला हर बोतलबंद पानी मिनरल वॉटर नहीं होता है। मिनरल वॉटर वह पानी होता है जो ऐसे प्राकृतिक स्रोतों से भरा जाता है जहां के पानी में कई लाभदायक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्यवर्धक लवणों, खनिजों से भरपूर और ऑक्सीजन युक्त होता है। जो स्वाद में अच्छा और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर बोतलबंद पानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर होता है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नल से आने वाला सामान्य पानी होता है जिसे फिल्टर से छान कर, रिवर्स ऑस्मोसिस, ओजोन ट्रीटमेंट आदि से साफ करके पैक कर दिया जाता है। इसी प्रकार, लोगों में आरओ सिस्टम को लेकर भ्रांति है कि इससे नितांत शुद्ध व स्वच्छ जल मिलता है, किंतु वास्तव में आरओ सिस्टम से गुजरा हुआ पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कारण, क्योंकि आरओ सिस्टम में लगे फिल्टर कुछ दिनों बाद ही पानी को साधारण तरीके से फिल्टर करने लगते है। बोतलबंद पानी को लेकर अमेरिका में हुई रिसर्च से पता चला है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के खतरनाक कण मिल रहे हैं। अमेरिकी संस्था नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के अनुसार बोतल बनाने में एन्टिमनी का उपयोग किया जाता है। इस वजह से बोतलबंद पानी को अधिक समय तक रखने पर उसमें एन्टिमनी की मात्रा घुलती जाती है। इस रसायन युक्त पानी को पीने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में बोतलबंद पानी पर शोध कर बताया है कि भारत सहित दुनियाभर में मिलने वाले बोतलबंद पानी में 93 फीसदी तक प्लास्टिक के महीन कण देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन प्लास्टिक की बोतलों में मिनरल या फिल्टर वॉटर बिकता है वे पॉलीएथिलीन टेरीथेलेट PET की बनी होती हैं।

# नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। यूं कहें तो नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वहीं पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की .ष्टि से जरूर देख रहे हैं। नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है। लेकिन इसका भी कोई क्लीयर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है लेकिन समस्याएं जस की तस है। बेरा. ेजगारी, पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है परिणाम चौंकाने वाला हो। लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।



राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहें हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल में काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे। हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के के भरोसे है।

काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह जब मेयर थे तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनके राजनीति का केंद्र बिंदु यही है तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है। यह चुनाव शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्हामी नेपालष के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थे के यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी। आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमे. कर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसाई द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाणी को लेकर वे सुर्खियों में थे।अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। नेपाल के चुनाव में इस बार मधेश मुद्दा गायब है। लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी है। ए लोग खुद को भारत के करीब जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों। लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सकता। नए सीमांकन का नतीजा यह हुआ कि मधेशी उम्मीदवारों को पहाड़ के वोटरों पर निर्भर रहना मजबूरी हो गया। इसी तरह पहाड़ी उम्मीदवार को मधेश के वोटरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा हो जाने से पहाड़ और मधेश का भेद जरूर समाप्त हो गया लेकिन मधेश के नेताओं और मधेश आधारित राजनीतिक दलों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया।राजशाही खत्म होने के बाद ढेर सारे मधेशी दलों का उदय हो गया था। ये दलें मधेशी समस्याओं के समाधान के नाम पर चुनाव जीतते रहे और इसी आधार पर भारत से भी निकटता बनाए रहे। मधेशी दलों ने मध. ेश और यहां के नागरिकों के भलाई के लिए तो कुछ नहीं किया, हां सत्ता की मलाई काटने के लिए वैचारिक रूप से अपने विरोधी दलों की सरकारों में मंत्री और अन्य उच्च पद जरूर हासिल करते रहे। नेपाल के विकास में मधेश का भी उतना ही योगदान है जितना पहाड़ी समाज का लेकिन सरकारी तौर पर इनकी उपेक्षा हर क्षेत्र में होती रही। राजशाही के जमाने से आज की लोकतांत्रिक सरकार में भी। मधेश के लोगों को लो. कतंत्र और संविधान से काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन इन्हें परिवर्तन की जरा भी अनुभूति नहीं हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। नादिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान दस्तावेज की व्यवस्था करते लोग।

## न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय अभियान में 4.2 टन की कोकीन जब्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार की एजेंसियों ने फ्रांस के अधिकारियों के साथ मिलकर फ्रेंच पोलिनेशिया में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अभियान के तहत 4.24 टन कोकीन जब्त की है। न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा, न्यूजीलैंड रक्षा दल (एनजेडडीएफ) और सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो (जीसीएसबी) ने अमेरिका की ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी (डीईए) की सहायता से फ्रांसिसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर सोमवार को एक जहाज को रोका और उस पर मौजूद 4-24 टन कोकीन को जब्त किया।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया।

# भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस

## कहा: इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

**मास्को।** रूस ने कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड आयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से

**■ भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई**



जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है। नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वहीं भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तेल खरीद से जुड़े सभी फैसले राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार के लिए 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना मेन टारगेट है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाजा।** फलस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। पीआईजे ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा कि विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है।

### नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के जरिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय टेलीविजन टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं।

### ताइवान की सीमा के नजदीक दिखे चीनी सैन्य जहाज और विमान

ताइपे। ताइवान के वायु क्षेत्र के पास गुरुवार को 12 चीनी विमान उघन भरते नजर आए जबकि क्षेत्रीय जलक्षेत्र के पास सात नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान की रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे तक तक 12 उड़ानों को देखा गया, जिनमें से 11 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि हमने स्थिति की निगरानी की और इसका जवाब दिया है।

# डोभाल की बैकडोर वार्ता के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्पष्ट किया था भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितम्बर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को वाशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति



**■ भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे**

डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। पीएम मोदी पिछले साल सितम्बर में चीन दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितम्बर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की काल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था।

## रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच 314 कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति

**अबू धाबी।** रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने 314 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने गुरुवार को यह महत्वपूर्ण घोषणा की। पिछले पांच महीनों में दोनों देशों के बीच यह अपनी तरह का पहला कैदी विनिमय समझौता है। अबू धाबी में इन दिनों चल रही शांति वार्ता का एक बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विटकोफ ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता दो दिनों तक चली 'विस्तृत और उत्पादक' शांति वार्ता के बाद हासिल हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूर्ण शांति की दिशा में अभी भी 'महत्वपूर्ण कार्य' किया जाना शेष है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी हफ्तों में और अधिक प्रगति की उम्मीद है और चर्चा जारी रहेगी। गौरतलब है कि अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का दूसरा दौर बुधवार को शुरू हुआ था। इससे पहले 24 जनवरी को आयोजित पहले दौर की बैठक बिना किसी ठोस समझौते या संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी।

# अमेरिका राजी, मस्कट में शुक्रवार को होगी ईरान से बैठक

**काहिरा।** ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच दोनों देश शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ दिनों से वार्ता के स्थान और एजेंडे को लेकर दोनों पक्षों में सार्वजनिक मतभेद सामने आ रहे थे, जिससे आपसी गहरे मतभेद उजागर हुए थे। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि वार्ता शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे मस्कट में होगी।

उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए ओमान का आभार भी जताया। इसके तुरंत बाद कई पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने बताया कि कम से कम नौ पश्चिम एशियाई देशों के हस्तक्षेप और आग्रह के बाद अमेरिका ने ओमान में वार्ता के लिए सहमति दे दी है। इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को तुर्की के इस्तांबुल में बैठक करने पर सहमति बनी थी, जिसमें कुछ पश्चिम एशियाई देशों को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होना

**■ इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है**

था। ईरान ने मंगलवार को कथित तौर पर प्रस्ताव दिया था कि वार्ता को ओमान स्थानांतरित किया जाए और इसे केवल परमाणु मुद्दों पर केंद्रित द्विपक्षीय प्रारूप में आयोजित किया जाए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका ने ईरान की इस शर्त को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने उनसे कहा कि या तो मूल व्यवस्था पर बात होगी या फिर कुछ नहीं, और उन्होंने कहा कि फिर कुछ नहीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि ईरान मूल व्यवस्था पर लौटता है तो अमेरिका आने वाले दिनों में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि किसी समझौते तक नहीं पहुंचा गया तो अमेरिका अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जिनमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस नाजुक कूटनीतिक प्रयास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में सैन्य तनाव भी तेजी से बढ़ा है।

## अमेरिका अखबार में छंटनी: शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कालमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं।

वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में

**■ वाशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म**

शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पाडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वाशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और आस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं। ईशान थरूर ने एक पोस्ट में खाली पड़े न्यूज रूम की तस्वीर साझा करते हुए छंटनी को बुरा दिन बताया। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना का ऑपरेशन खत्म

## 216 लड़ाके ढेर करने का दावा, 50 से ज्यादा नागरिक-सैनिक हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को जानकारी दी कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोहियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 216 विद्रोही मारे गए हैं। हालांकि, कई दिनों तक चले इस खूनी संघर्ष में 36 आम नागरिकों और सेना के 22 जवानों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी।

सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान दावा किया कि 26 जनवरी को शुरू किया गया 'रद-उल-फितना-1' नाम का यह आपरेशन अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। सेना ने बताया कि पंजगुर और हरनाई जिले के बाहरी इलाकों में विद्रोहियों के छिपे होने की पक्की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने

**■ इसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां कार्रवाई शुरू की**

वहां कार्रवाई शुरू की। सेना ने विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला बोला, जिसमें शुरुआत में 41 विद्रोही मारे गए। बाद में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई और सफाई अभियान के दौरान कुल 216 विद्रोहियों को मार गिराया गया। सेना का दावा है कि इस कार्रवाई से विद्रोही नेटवर्क के नेतृत्व, उनके कमांड स्ट्रक्चर और काम करने की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने बताया कि पांच दिनों तक बंद रहने के बाद बलूचिस्तान में रेल सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। हमलों के दौरान कई जगहों पर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा था, जिससे सुरक्षा कारणों से क्वेटा से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी। अब मरम्मत के बाद यातायात सामान्य हो रहा है। उधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें सरकार से मांग की गई कि वह विद्रोही और उसे मदद देने वालों के खिलाफ एक सख्त और आक्रामक राष्ट्रीय रणनीति अपनाए। गौरतलब है कि ईरान और अफगानिस्तान सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा का केंद्र रहा है। यहां बलूच विद्रोही अक्सर 60 अरब डालर वाले चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सी-पैक) प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाते हैं।

### पाक के डिप्टी स्पीकर रहे कासिम सूरी यूएस में चला रहे टैक्सी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता कासिम खान सूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। कभी पाकिस्तानी संसद के सत्र की अध्यक्षता करने वाले सूरी ने खुलासा किया है कि वे अपना पेट भरने के लिए इन दिनों अमेरिका में उबर टैक्सी चला रहे हैं। हाल ही में पीटीआई की अमेरिकी शाखा के साझा किए गए एक वीडियो में सूरी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। सूरी का आरोप है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने की वजह से उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

### अमेरिकी कोर्ट का फैसला ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई ऐजेंट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

# अमेरिका रूस के परमाणु हथियारों पर कोई सीमा नहीं

## ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत: एंटोनियों गुटेरेस

नई दिल्ली। पांच फरवरी की आधी रात न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर क्षण है जो शीत युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका और रूस के बीच एक अनियंत्रित परमाणु हथियारों की शृंखला या होड़ की संभावना को जन्म देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि आधी सदी से भी अधिक समय में पहली बार, हम एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहे हैं, जहां रूसी संघ और अमेरिका के सामरिक परमाणु शस्त्रागार पर कोई भी बाध्यकारी सीमा लागू नहीं है। ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत है। पांच दशकों से ज्यादा समय में पहली बार, दुनिया की दो परमाणु महाशक्ति के पास मौजूद लंबी दूरी के परमाणु हथियारों पर कोई आधिकारिक सीमा नहीं है। यह स्थिति 1972 के बाद से



**■ इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका**

नहीं देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव ने मॉस्को में ऐतिहासिक हथियार नियंत्रण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शस्त्र नियंत्रण के दशकों के प्रयासों पर विचार करते हुए गुटेरेस ने कहा कि शीत युद्ध के दौरान और उसके बाद के समय में इन सरकारों के बीच परमाणु शस्त्र नियंत्रण ने तबाही रोकने में मदद की। इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राष्ट्रीय शस्त्रागारों से हजारों परमाणु हथियारों की कटौती को सुगम बनाया। महासचिव ने अमेरिका-रूस से राजनयिक बातचीत करने की अपील की, ताकि बिना रोक-टोक के दुनिया में परमाणु विस्तार की वापसी रोकी जा सके। अनिश्चितता के इस समय में भी हमें उम्मीद ढूंढ़नी चाहिए। यह तेजी से बदलते माहौल के लिए एक शस्त्र नियंत्रण प्रणाली को पुर्नस्थापित करने और बनाने का मौका है। रूस ने कुछ समय के लिए मौजूदा स्थिति बनाए रखने की इच्छा जताई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संधि खत्म होने के बाद एक और साल तक 'न्यू स्टार्ट' की सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं, बशर्ते अमेरिका भी ऐसा करे। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 29 जनवरी को कहा कि अमेरिका ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। गुटेरेस ने आखिर में कहा कि दुनिया अब रूसी गणराज्य और अमेरिका से उम्मीद कर रही है कि वे अपनी बातों को कार्रवाई में बदलें। गुटेरेस ने आगे कहा कि मैं दोनों देशों से आग्रह करता हूं कि वे बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटें और एक ऐसे ढांचे पर सहमत हों जो सत्यापन योग्य सीमाओं को बहाल करे, जोखिमों को कम करे और हमारी साझा सुरक्षा को मजबूत करे। चीन ने अमेरिका से बातचीत की अपील की है।

